
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

वर्ष : 12 | अंक : 163 | लखनऊ, 07 जून, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए



सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं : बिग बी



आध्यात्मिक जर्नी की दिखाई झलकियां

## खबर संक्षेप

### राबड़ी देवी की तबीयत खराब, तेज प्रताप पहुंचे



**पटना।** पूर्व सीएम राबड़ी देवी की तबीयत खराब हो गई। उनके बेटे तेज प्रताप उनसे मिलने पहुंचे। कहा कि मां बीमार हैं। दूसरी ओर लालू परिवार ने सुबह सरकार की ओर से मुहैया कराई गई सुरक्षा को वापस कर दिया। आवास में तैनात गार्ड को लौटा दिया। सम्राट सरकार ने आरजेडी के सुप्रीमो लालू यादव और उनकी पत्नी राबड़ी की जेड प्लस सुरक्षा खत्म कर बिहार पुलिस की विशेष सुरक्षा दी थी।

### कोल इंडिया का उत्पादन बढ़ा, रोजगार घटा



**धनबाद।** देश में कोयला उद्योग के राष्ट्रीयकरण के 50 वर्ष पूरा हो गया है। पांच दशकों में कोयला उत्पादन, कारोबार व तकनीक ने नई ऊंचाइयों को छुआ है, वहीं श्रमिकों की संख्या घटती गई। राष्ट्रीयकरण के बाद से राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 12वें वेतन की दहलीज पर पहुंच चुका है, लेकिन 7 लाख 80 हजार से श्रमिकों से चलने वाला उद्योग महज 2.14 लाख कर्मचारियों तक सिमट गया है।

### हिंदू-मुस्लिम राजनीति पर चंद्रशेखर का हमला



**शामली।** जिले के बनत क्षेत्र में आयोजित सत्ता परिवर्तन यात्रा के दौरान आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र व राज्य सरकार पर निशाना साधा। कहा कि हिंदू-मुस्लिम की राजनीति से देश का भला नहीं हो सकता और जनता के वास्तविक मुद्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से सामाजिक एकता बनाए रखने की अपील की।

### कांगो में इबोला वायरस से 82 लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** कांगो में इबोला के मामले में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। इकांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इबोला के कंफर्म मामलों की संख्या 452 हो गई है, जिनमें 82 लोगों की जान चली गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने 4 जून को इतुरी और नॉर्थ किवु प्रांतों में 71 नए मामलों की जानकारी दी थी, जिनमें 21 लोगों की मौत हो गई थी। यह वायरस बुंडिबुग्यो स्ट्रेन के लगातार कम्युनिटी ट्रांसमिशन का संकेत है।

---

**संयुक्त टीम को दो माह में सर्वे कार्य पूरा करने के दिए निर्देश**

# तराई की बदलेगी तस्वीरः शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे के लिए सर्वे शुरू, पीलीभीत के 48 गांवों से होकर गुजरेगा

शामली-गोरखपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए पीलीभीत जिले में सर्वे शुरू हो गया। बीसलपुर और सदर तहसील के 48 गांवों में सर्वे कार्य कराया जा रहा है। इन गांवों में भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

शामली-गोरखपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई है। ये एक्सप्रेसवे पीलीभीत जिले में बीसलपुर और सदर तहसील के 48 गांवों से होकर गुजरेगा। इसके गजट की अधिसूचना जारी होने के बाद सर्वे कार्य शुरू हो गया है। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर नेशनल हाईवे (एनएच) की कंसल्टेंसी, एनएचएआई और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम सर्वे कर रही है।

एलाइनमेंट होने के बाद सर्वे में यह देखा जा रहा है कि किस गांव के कितने किसानों की भूमि एक्सप्रेसवे में आ रही है। वर्तमान में भूमि पर निर्माण है या खेती हो रही है। संयुक्त टीम को दो माह में सर्वे कार्य पूरा करने के निर्देश जारी किए गए हैं। सर्वे कार्य करते हुए 15 दिन हो गए। एक्सप्रेसवे के बनने के बाद गांवों की किस्मत और दिशा दोनों बदल जाएगी। रोजगार को बढ़ावा मिलने के साथ जमीन की कीमतों में भी भारी उछाल आने की उम्मीद है।



### बीसलपुर के 39 तो सदर तहसील के 9 गांव

ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बीसलपुर तहसील के 39 गांवों से होकर गुजरेगा। तहसील क्षेत्र के बिलसंडा ब्लॉक के गांव तिलसंडा, बमरोली, लिलहर, मीरपुर हरायपुर, रामपुर अमृत, मुड़ावा, सुहेला, ईटगांव, विरसिंगपुर, महेशपुर के अलावा बीसलपुर ब्लॉक के कटकवारा, बरखेड़ा यासीन, बिहारीपुर हीरा, अटकोना, बहादिय, विरसिंगपुर, नौगवां संतोष व जोगीठेर और सदर तहसील के वार नवादा और गुलड़िया जाफरपुर सहित नौ गांव से गुजरेगा। मई माह में 48 गांवों के गजट की अधिसूचना जारी की गई।

### इन जिलों से होते हुए गुजरेगा एक्सप्रेसवे

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, एक्सप्रेस-वे शामली से शुरू होकर मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर होते हुए बरेली में बहेड़ी तहसील क्षेत्र से होकर गुजरेगा। यहां से नवाबगंज तहसील के कुछ गांवों के बाद पीलीभीत जिले की तहसील सदर के नौ गांव और बीसलपुर तहसील क्षेत्र के 39 गांवों से होकर गुजरेगा। इसके बाद शाहजहांपुर के पुवायां तहसील से लखीमपुर खीरी होते हुए कई अन्य जिलों से गुजरते हुए गोरखपुर तक जाएगा।

---

सीएम ने गोंडा में 516 करोड़ की लागत वाली 262 परियोजनाओं लोकार्पण और शिलान्यास किया, बोले-

# 2017 से पहले दुर्गा पूजा पर दंगे होते थे अब रंग में कोई भी भंग नहीं डाल सकता

*गोंडा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा के शासन को लेकर समाजवादी पार्टी को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कहा कि भाजपा की सरकार से पहले यहां रामलीला में अड़ंगे डाले जाते थे।*

- कुर्सियों पर खड़े होकर लोगों ने सुना भाषण
- 'बुलडोजर बाबा' के नारों से गूंजा पंडाल

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/लखनऊ,

यूपी के गोंडा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा में जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्ववर्ती सपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में कर्फ्यू, दंगे और अराजकता का माहौल था। 2015-16 में गोंडा में दुर्गा पूजा के समय दंगा करने का प्रयास हुआ था और मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन तक नहीं होने दिया जाता था।



### मंच पर बृजभूषण के बेटे करण भी साथ

मंच पर स्वागत उद्बोधन में कैसरगंज लोकसभा सांसद करन भूषण सिंह ने अपने भाषण में सीएम को बुलडोजर बाबा कहकर संबोधित किया। उनके इतना कहते ही पंडाल में जय श्री राम व बुलडोजर बाबा की जय के उद्घोष हुआ। वहीं, मुख्यमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि गोंडा ऊर्जावान जनपद है। यहां के युवा ऊर्जावान, अन्नदाता किसान परिश्रमी और बहनें व बेटियां प्रतिभाशाली हैं। इस पर पंडाल में भाजपा के झंडे लहराते रहे। लोग कुर्सियों पर खड़े होकर सीएम का भाषण सुनते नजर आए।

### गोंडा का पौराणिक व स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण इतिहास

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब रंग में कोई भंग नहीं डाल सकता. सभी शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाते हैं. जो रंग में भंग डालने की कोशिश करेगा, उसका वर्तमान तो जाएगा ही, भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की कि अच्छी सरकार चुनें, क्योंकि खराब सरकार चुनने का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा के कटरा और कर्नलगंज विधानसभा क्षेत्रों में 516 करोड़ रुपए की लागत से 262 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि गोंडा का अपना पौराणिक और स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण इतिहास है, लेकिन आजादी के बाद तुष्टिकरण, भाई-भतीजावाद और जातिवाद की वजह से जनपद विकास की दौड़ से पीछे छूट गया। नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था।

### 9 वर्षों में गोंडा समेत पूरे प्रदेश का कायाकल्प किया

उन्होंने कहा कि अब यूपी का नाम सुनकर चेहरा खिल जाता है। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने गोंडा समेत पूरे प्रदेश का कायाकल्प कर दिया है। अब निवेश केवल नोएडा-गाजियाबाद तक सीमित नहीं है, बल्कि गोंडा में भी हो रहा है। युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल रहा है। उन्होंने पुलिस भर्ती में गोंडा के युवाओं के चयन का जिक्र करते हुए कहा कि अब गोंडा के नाम से लोग गले लगाने आगे आते हैं। योगी ने विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री अवास योजना, आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत मिशन के लाभार्थियों का भी उल्लेख किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनता, कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

---

उपेंद्र कुशवाहा बोले- इंतजार कीजिए

# बेटे दीपक का मंत्री पद संकट में 9 एमएलसी कैंडिडेट में नाम नहीं



अमन लेखनी समाचार/पटना,

बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर एनडीए की कैंडिडेट लिस्ट में उपेंद्र कुशवाहा के बेटे एवं सम्राट सरकार में मंत्री दीपक प्रकाश का नाम नहीं है। उनके मंत्री पद पर संकट मंडरा रहा है। कुशवाहा एनडीए के शीर्ष नेताओं के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि अभी दो दिन बाकी है, इंतजार कीजिए।

### 4-4 भाजपा एवं जेडीयू ,1 चिराग पासवान के लोक जनशक्ति पार्टी को

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश के मंत्री पद पर संकट मंडरा रहा है। बिहार विधान परिषद की 9 सीटों पर चुनाव और 1 सीट पर उपचुनाव के लिए एनडीए ने 9 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। इनमें 4-4 भाजपा एवं जेडीयू के हैं, जबकि एक कैंडिडेट चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने उतारा है। एनडीए के एमएलसी कैंडिडेट में सम्राट सरकार में मंत्री दीपक प्रकाश का नाम नहीं है। वह अभी किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। मंत्री पद पर बनाए रखने के लिए कुशवाहा अपने बेटे को एमएलसी बनाने की जुगत में लगे हुए हैं। वह एनडीए के शीर्ष नेताओं के संपर्क में हैं।

### 18 जून को 10 सीटों के लिए होगा मतदान

राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि अभी एमएलसी चुनाव के नामांकन खत्म होने में दो दिन बाकी है। तब तक इंतजार कीजिए। उन्होंने कहा कि वह एनडीए के शीर्ष नेताओं से बात कर रहे हैं। बिहार विधान परिषद में विधानसभा कोटे की 9 सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव हो रहे हैं। वहीं, पूर्व सीएम नीतीश कुमार के इस्तीफे से खाली हुई एक एमएलसी सीट पर भी उपचुनाव है। विधानसभा में संख्याबल के अनुसार कुल 10 में से 9 सीटों पर एनडीए की जीत तय है, जबकि एक पर विपक्ष बाजी मार लेगा।

---

दुरईस्वामी ने बीजिंग यूनिवर्सिटी का किया दौरा

# कहा- भारत और चीन दो हजार सालों से ज्ञान की विरासत साझा कर रहे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



चीन में भारतीय राजदूत विक्रम दुरईस्वामी ने कहा है कि दो हजार सालों से अधिक समय से भाषाओं का पारस्परिक ज्ञानवर्धन और विचारों का आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच संबंधों की एक परिभाषित विशेषता रहा है।दुरईस्वामी ने 'बीजिंग फॉरेन स्टडीज यूनिवर्सिटी' (बीएफएसयू) का दौरा किया, जहां उन्होंने व्याख्यान दिया तथा छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की। चीन में विदेशी भाषाओं के प्रमुख संस्थान 'बीएफएसयू' में तमिल, हिंदी, बंगाली, संस्कृत और उर्दू सहित 102 भाषाओं के पाठ्यक्रम हैं। इसने हाल ही में अपने पाठ्यक्रमों की सूची में पंजाबी को भी शामिल किया है। ये भाषाएं मुख्य रूप से चीनी छात्रों के साथ-साथ राजनयिकों और अधिकारियों को सिखाई जाती हैं। दुरईस्वामी ने मौर्य काल से लेकर आधुनिक युग तक का हवाला देते हुए, बताया कि दो सबसे पुरानी सभ्यताओं के बीच आदान-प्रदान ने ज्ञान, दर्शन, कलात्मक परंपराओं, प्रौद्योगिकी, नवाचार को समृद्ध किया।

---

फलों के राजा आम की अमेरिका में धूम

# वाणिज्य दूतावास ने आम महोत्सव मनाया, 100 आयातक रहे मौजूद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



अल्फांसो आम

भारतीय आमों की अमेरिकी शहरों में धूम मची हुई है। अमेरिकी लोग इस फल की लोकप्रिय किस्मों को बड़े चाव से खा भी रहे हैं और उनकी अधिक की मांग भी कर रहे हैं। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें 'फलों के राजा' आम के अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में निर्यात और उपयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। इस आयोजन में 'कॉस्टको' जैसी अमेरिकी खुदरा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के वरिष्ठ नेतृत्व सहित भारतीय फलों के 100 से अधिक प्रमुख आयातकों ने भाग लिया। इस दौरान आयातकों को भारतीय आमों की सात उम्दा किस्मों-महाराष्ट्र के अल्फांसो (हापुस) और केसर, आंध्र प्रदेश के बंगनपल्ली (सफेदा) और हिमायत, उत्तर प्रदेश के लंगड़ा और प्रसिद्ध दशहरी तथा गुजरात के राजापुरी का स्वाद चखने का भी अवसर मिला। कार्यक्रम में आम से बने व्यंजन भी परोसे गए और क्षेत्रीय किस्मों की भी जानकारी दी गई।

---

# जून में हिमाचल में बर्फबारी, झूम उठे पर्यटक



### शिंकुला व रोहतांग दर्रे में गिरे बर्फ के फाहे

*शिमला। जून महीने के चिलचिलाते तापमान के बीच मनाली के पर्यटन स्थलों में पहुंच रहे पर्यटकों का स्वागत बर्फ के फाहों से हो रहा है। दो दिन से मौसम सुहावना हो गया। रोहतांग सहित शिंकुला व बारालाचा में पर्यटकों ने बर्फ के फाहों में मस्ती कर अपने टूर को यादगार मनाया। सप्ताहांत के चलते शुक्रवार को साढ़े तीन हजार से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे है। छोटे और बड़े होटल पैक हो गए हैं। मनाली सहित लाहुल के समस्त पर्यटन स्थलों मे रौनक दो गुना हो गई है। 10 से 15 फीट ऊंची बर्फ की दीवारें और फ्रेश स्नो देखने को मिला। जून महीने में ऊंचाई वाले क्षेत्रों मे बर्फ के फाहे सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए है।*

---

हवाई में 29वीं भारत-अमेरिका सैन्य वार्ता आयोजित

# द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने और रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर हुई बात

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अमेरिका के हवाई में 29वीं भारत और अमेरिका ने 'आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता' आयोजित की, जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई।

साथ ही, दोनों पक्षों ने अपने रणनीतिक साझेदारी संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस बैठक की सह-अध्यक्षता उप सेना प्रमुख (रणनीति) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई और अमेरिकी सेना प्रशांत के उप कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल जोएल वोवेल ने की।



### सेनाओं के बीच बढ़ेगा तालमेल

*भारतीय सेना ने कहा कि चर्चा का मुख्य फोकस द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करना, सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना, पेशेवर आदान-प्रदान का विस्तार करना और साझा सुरक्षा हितों के लिए सैन्य सहयोग को गहरा करना था। दोनों पक्षों ने सेना के बीच बढ़ते सहयोग की सराहना की और भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई।*

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर विचार-विमर्श

*पिछले सप्ताह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सिंगापुर में अमेरिकी कांग्रेस के द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल (सीओडीईएल) के प्रमुख और हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्य पैट हैरिगन से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा, रक्षा सहयोग के विस्तार और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा रणनीतिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया।*

---

## फ्रांस ने राफेल लड़ाकू विमानों को दिलाई 'सुपर ताकत'

# नई एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण, स्टेल्थ जेट भी नहीं बचेंगे


**दुश्मन के विमानों, हेलिकॉप्टरों, ड्रोन, मिसाइलों को निशाना बनाने की क्षमता**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

फ्रांस ने राफेल लड़ाकू विमान के लिए बनाई गई नई और आधुनिक एमआईसीए एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण किया है।

खास बात यह है कि इस मिसाइल को पहली बार राफेल से बहुत तेज यानी सुपरसोनिक गति में दागा गया और यह स्टेल्थ फाइटर जेट्स को भी निशाना बना सकता है। मिसाइल बनाने वाली कंपनी एमबीडीए के मुताबिक, एमआईसीए एनजी को भविष्य के युद्धों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### जून 2025 में किया गया था पहला परीक्षण



राफेल विमान से दागी गई एनजीए मिसाइल

कंपनी के मुताबिक, यह मिसाइल दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों, ड्रोन, स्टेल्थ फाइटर जेट और तेज रफ्तार क्रूज मिसाइलों को भी निशाना बना सकती है। स्टेल्थ विमान वे होते हैं जिन्हें रडार पर पकड़ना काफी मुश्किल होता है। यह एमआईसीए एनजी का राफेल विमान से दूसरा परीक्षण था। पहला परीक्षण जून 2025 में किया गया था। इस बार इसे ऐसी स्थिति में परखा गया जब विमान ध्वनि की गति से भी ज्यादा तेज उड़ रहा था। इतनी तेज गति पर तापमान बहुत बढ़ जाता है, जिससे लक्ष्य को पहचानना मुश्किल हो जाता है।

### गर्मी पहचानकर निशाना लगाती है मिसाइल

*परीक्षण के दौरान मिसाइल के इन्फ्रारेड सीकर की जांच की गई। यह तकनीक दुश्मन के विमान या मिसाइल से निकलने वाली गर्मी को पहचानकर उसे ट्रैक करती है। परीक्षण में यह साबित हो गया कि बेहद कठिन परिस्थितियों और अधिक तापमान में भी यह प्रणाली सही तरीके से काम कर सकती है। इसके जरिए लड़ाकू विमान दुश्मन के विमानों को रोकने, हवाई लड़ाई लड़ने और अपनी सुरक्षा करने में ज्यादा सक्षम होंगे।*

### 114 नए राफेल जेट खरीदना चाहता है भारत

*मिसाइल का एक दूसरा संस्करण जहाजों और जमीन पर महत्वपूर्ण ठिकानों की सुरक्षा के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। भारत ने हाल ही में फ्रांस को 114 नए राफेल लड़ाकू विमान खरीदने का प्रस्ताव भेजा है। इस सौदे की अनुमानित कीमत करीब 3.25 लाख करोड़ रुपए बताई जा रही है। प्रस्ताव के अनुसार 114 में से 94 राफेल विमान भारत में ही बनाए जाएंगे। इन्हें फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन और एक भारतीय कंपनी मिलकर तैयार करेंगी।*

# तहसील कार्यालय में एडीएम सिटी पूर्वी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर तहसील कार्यालय में शनिवार को एडीएम सिटी पूर्वी महेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद, अवैध कब्जे, मारपीट और सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतों की भरमार रही। संपूर्ण समाधान दिवस में दादूपुर के ग्राम प्रधान गया प्रसाद ने ग्राम पंचायत की ऊसर बंजर में दर्ज भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत की। उन्होंने बताया कि गाटा संख्या 382 और 383 पर किए गए निर्माण के संबंध में पहले ही एफआईआर दर्ज हो चुकी है, लेकिन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अब तक नहीं हुई। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के जगपाल सिंह बनाम पंजाब राज्य मामले के आदेश का हवाला देते हुए अवैध कब्जा हटाने की मांग की। वहीं हरौनी निवासी नूर मोहम्मद ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि डिफेंस कॉरिडोर रोड स्थित उनकी भूमि, खसरा संख्या 1085, पर पड़ोसी खातेदार द्वारा बिना राजस्व विभाग से चिन्हांकन कराए अवैध रूप से पिलर खड़े कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने भूमि का सीमांकन कराकर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की। जबकि गहरू गांव की ममता कश्यप ने आरोप लगाया कि 4 जून को राम बाबू समेत अन्य लोगों ने उनके घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने दोबारा हमला कर उन्हें, उनके पति तथा पांच वर्षीय पुत्री के साथ भी मारपीट की। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। एक अन्य मामले में गहरू गांव के सह-खातेदार मेवालाल और पृथ्वी पाल ने गाटा संख्या 1310 की कृषि भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश का आरोप लगाया। उनका कहना था कि सआदतगंज के रुस्तम नगर निवासी मो. तलहा अपने साथियों के साथ भूमि पर कब्जा कर प्लॉटिंग कराने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण कर भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इसी तरह लौंगाखेड़ा गांव के मंसाराम, राम सुरेश, मुन्ना, मुन्नीलाल, मुन्नालाल कुरील और मोहम्मद रफीक सहित कई ग्रामीणों ने सदियों पुराने आम रास्ते को बंद कर अवैध प्लॉटिंग किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि खसरा संख्या 817, 818, 819 और 821 के बीच स्थित सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण कर आवागमन बाधित किया गया है। फिलहाल एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# मुख्यमंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया, सुंदरकांड पाठ व भंडारे का हुआ आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। माल क्षेत्र स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेता शंभू पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री के जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मनाते हुए केक भी काटा गया तथा आतिशबाजी कर उनकी दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य एवं प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता शंभू पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, आशुतोष चौरसिया, शुभम गुप्ता, मुकेश गुप्ता, दुर्गेश त्रिपाठी, प्रवीण सिंह, विवेक रस्तोगी, धीरज यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम धार्मिक आस्था, उत्साह और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ।

# राज्यस्तरीय कार्यशाला में प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने पर मंथन

## विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने रखे अपने विचार

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ, 07 जून । उत्तर प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने पर गंभीरता से विचार के लिए यहाँ एक होटल में राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में कई ऐसे बिंदुओं पर सहमति बनी जिस पर सभी संस्थाओं ने आगे बढ़ने का संकल्प लिया। ज्वाइनिंग फोर्स इंडिया (जे ?फआई), कैम्पेन अंगेस्ट चाइल्ड लेबर, पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति, गोरखपुर और पार्टिसिपेटरी एक्शन फॉर कम्युनिटी एम्पावरमेंट (पेस) के तत्वावधान में चाइल्ड फण्ड इंडिया व बीएमजेड के सहयोग से यह कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में पेस संस्था की सचिव राजविंदर कौर ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा करना, विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय बनाना और वर्ष 2026-27 के लिए प्रभावी कार्ययोजना को तैयार करना है। पेस संस्था के निदेशक टी. थॉमसन ने विशेष प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बाल श्रम उन्मूलन के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर परियोजना के माध्यम से किये जा रहे प्रयासों को साझा किया। इसके साथ ही देश में बाल श्रम उन्मूलन की राष्ट्रीय नीतियों, कानूनी प्रावधानों और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से राज्य नोडल अधिकारी (बाल श्रम मुक्त) सैयद रिजवान अली ने वर्ष 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने की राज्य सरकार की रणनीतियों, लक्ष्यों और जिला स्तर की जिम्मेदारियों के बारे में बताया। इसके अलावा विभिन्न जनपदों के प्रतिनिधियों ने जिला स्तरीय योजनाओं, चुनौतियों एवं नवाचारों को प्रस्तुत किया। कार्यशाला के दौरान पेस संस्था, विज्ञान फाउंडेशन-लखनऊ, चाइल्ड फण्ड इंडिया, पीजीएसएस गोरखपुर, सेफ सोसाइटी के माध्यम से बाल श्रम उन्मूलन के क्षेत्र में किये गए सफल हस्तक्षेपों और सर्वोत्तम प्रयासों को केस स्टडी के माध्यम से साझा किया गया। विशेषज्ञों ने बाल मित्र ग्राम पंचायतों, बाल संरक्षण समितियों और सामुदायिक निगरानी तंत्र को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्रावस्ती से आये बाल प्रतिनिधि ने अपने अनुभव साझा किये। प्रतिभागियों ने बच्चों की आवाज को नीति निर्माण और स्थानीय कार्ययोजनाओं में शामिल करने की आवश्यकता पर सहमति जताई। पैनल समूह चर्चा के माध्यम से राज्य एवं जनपदों में बाल मजदूरी के वर्तमान आंकड़ों, सरकारी दृष्टिकोण और आगामी सामूहिक रणनीति पर भी गहन चर्चा के साथ भविष्य की योजना भी बनायी गयी। प्रतिभागियों ने बाल श्रम रोकथाम, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुँच बढाने और सामुदायिक भागीदारी को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। कार्यशाला के अंत में पेस संस्था के निदेशक टी. थॉमसन ने कार्यशाला के प्रमुख निष्कर्षों, आगामी कार्य योजनाओं को साझा करते हुए सभी का आभार जताया। कार्यशाला में कैरिटास की टीम लीडर व बाल अधिकार विशेषज्ञ आशा एक्का, कैम्पेन अंगेस्ट चाइल्ड लेबर के प्रदेश संयोजक प्रतिनिधि राज कुमार, बाल रक्षा भारत से डॉ. संतोष कुमार कौशल, यूनिसेफ से रिजवाना, फिरोजाबाद की बाल संरक्षण अधिकारी अपर्णा कुलश्रेष्ठ, बाल कल्याण समिति श्रावस्ती के अध्यक्ष विश्राम, हरदोई से संतोष सिंह, राजेन्द्र यादव-सीतापुर, शेखर मालाकर स्टेट हेड एसओएस, लीलाधर-श्रम अधिकारी सीतापुर, बाल संरक्षण विशेषज्ञ जे.पी. शर्मा, अभिषेक पाठक-डॉ. शम्भूनाथ रिसर्च संस्था बाराबंकी, बाल श्रम उन्मूलन पर प्रयासरत सामाजिक संगठनों के प्रमुख व प्रतिनिधियों बाल अधिकार कार्यकताओं और बाल प्रतिनिधियों ने सहभागिता की और अपने विचार साझा किये।

# सड़क निर्माण की मांग पर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र की जर्जर एवं अधूरी सड़कों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया भारतीय किसान यूनियन एवं मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी विशाख जी को ज्ञापन सौंपकर लंबे समय से लंबित सड़क निर्माण कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग की।

### कुबहरा-कमलापुर मार्ग का निर्माण अधूरा

किसान संगठनों ने ज्ञापन में बताया कि कुबहरा से कमलापुर विचिलखा के बीच लगभग 700 मीटर सड़क का निर्माण कार्य वन विभाग की आपत्ति के कारण वर्षों से अधूरा पड़ा मार्ग का यह हिस्सा अभी भी कच्चा जबकि वहां लगभग 30 फीट चौड़ा रास्ता उपलब्ध बरसात के मौसम में सड़क पर कीचड़ और जलभराव के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी करने के निर्देश दिए, ताकि सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जा सके।

### गंगागंज मार्ग की समस्या भी उठी

किसान एवं मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों ने नगराम क्षेत्र के गंगागंज में कटरा पुलिया से थाना तिराहे तक करीब एक किलोमीटर लंबी अर्धनिर्मित सड़क और क्षतिग्रस्त साइफन का मुद्दा भी जिलाधिकारी के सामने रखा। उन्होंने बताया कि अधूरे निर्माण कार्य के कारण क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### पीडब्ल्यूडी को दिए गए निर्देश

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को मौके पर बुलाकर स्थिति की जानकारी ली और सड़क निर्माण के साथ टूटे हुए साइफन की मरम्मत जल्द कराने के निर्देश दिए अधिशासी अभियंता ने बताया कि संबंधित मार्ग का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है तथा निर्माण कार्य का स्टीमेट तैयार कर भेजा जा चुका स्वीकृति मिलते ही लगभग एक सप्ताह के भीतर कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### समाधान में जिलाधिकारी से जगी उम्मीद

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उठाए गए इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेने से क्षेत्रीय किसानों और ग्रामीणों में जल्द समाधान की उम्मीद जगी लोगों का मानना है कि सड़क निर्माण कार्य पूरा होने से हजारों ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

नगराम। नगराम थाना क्षेत्र के छतौनी गांव में जमीन बंटवारे को लेकर शुक्रवार सुबह दो पक्षों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और सरिया से हमला कर मारपीट करने का आरोप लगाया घटना में दोनों ओर से कई लोग घायल हुए पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस मुकदमे दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी पुलिस के मुताबिक एक पक्ष की ओर से कमला देवी पत्नी रामसुन्दर ने शिकायत दर्ज कराई उनका आरोप है कि जमीन बंटवारे के विवाद को लेकर उनके देवर रामसजीवन राजेन्द्र प्रसाद शिवा और आलोक ने उनके पति रामसुन्दर पर लाठी-डंडों व सरिया से हमला कर दिया बीच-बचाव करने पहुंचीं कमला देवी और उनके पुत्र रूपेश को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया आरोप कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं दूसरे पक्ष से शिवा पुत्र रामसजीवन ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि रामसुन्दर रूपेश कुमार रोशनलाल, कमलेश कुमार जितेन्द्र कुमार और कमला देवी ने उनकी मां राजरानी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की शोर सुनकर बचाव के लिए पहुंचे शिवा उनके पिता रामसजीवन चाचा राजेन्द्र और चाची राजेश कुमारी को भी पीटकर घायल कर दिया गया उन्होंने भी विपक्षी पक्ष पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया घटना की सूचना डायल-112 पर दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची सभी घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि जमीन बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी दोनों ओर से प्राप्त तहरीरों के आधार पर क्रॉस मुकदमे दर्ज कर लिए गए मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी फरियाद

**उमड़ी फरियादियों की भीड़ में 421 शिकायतें पहुंचीं जिसमें 72 का मौके पर निस्तारण**

**जिलाधिकारी विशाख जी ने सुनीं जनसमस्याएं अधिकारियों को दिए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज। तहसील सभागार मोहनलालगंज में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं को लेकर फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी कार्यक्रम में जिलाधिकारी विशाख जी ने स्वयं उपस्थित होकर आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए समाधान दिवस में कुल 421 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 72 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष मामलों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया प्राप्त शिकायतों में राजस्व पुलिस विद्युत विकास, समाज कल्याण, पेंशन, आवास एवं भूमि विवाद से संबंधित मामले प्रमुख रहे जिलाधिकारी ने एक-एक प्रार्थना पत्र समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता साथ ही अधिकारियों को मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर पात्र व्यक्तियों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं कई मामलों का तत्काल समाधान कराया गया जबकि जटिल मामलों में जांच के उपरांत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए पुलिस अधिकारियों ने भी कानून-व्यवस्था से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद कब्जा दिलाने का आरोप

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान निगोहां गांव निवासी रामसेवक, राजेन्द्र, दीपक पुत्रगण स्वर्गीय राम आसरे तथा राम खेलावन पुत्र स्वर्गीय मंगली ने एक शिकायत पत्र देकर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए शिकायतकताओं ने बताया कि उनकी भूमि से संबंधित विवाद न्यायालय में विचाराधीन उनका कहना है कि गाटा संख्या 1306 एवं 1307 से जुड़े मामले में उपजिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 15 मई को एकपक्षीय आदेश पारित किया गया था आदेश की जानकारी मिलने पर उन्होंने न्यायालय में पुनः वाद दायर कर अपना पक्ष प्रस्तुत किया जिसे न्यायालय द्वारा स्वीकार कर लिया गया पीड़ितों का आरोप है कि इसके बावजूद राजस्व निरीक्षक एवं निगोहां पुलिस द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के विपक्षी पक्ष को विवादित भूमि पर कब्जा कराया गया शिकायतकताओं ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान परिवार की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया विरोध करने पर उन्हें थाने ले जाकर कई घंटों तक बैठाए रखने और बाद में शांति भंग की आशंका में कार्रवाई किए जाने का भी आरोप लगाया गया पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की साथ ही न्यायालय में मामला लंबित रहने तक विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने और किसी भी पक्ष को लाभ पहुंचाने वाली कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की समाधान दिवस में प्रस्तुत शिकायत के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया अब शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच के बाद प्रशासन द्वारा उठाए जाने वाले कदमों पर सभी की निगाहें टिकी समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी पवन पटेल एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह, तहसीलदार ऋतुराज शुक्ला नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान सभागार में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली और अधिकारी लगातार शिकायतों के निस्तारण में जुटे रहे।

# गाली-गलौज का विरोध पड़ा भारी, युवक से मारपीट

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के अतरौली गांव में घर के बाहर गाली-गलौज का विरोध करना एक परिवार को महंगा पड़ गया गांव के एक युवक पर न केवल मारपीट करने बल्कि घर के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़कर नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लगा पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी

### घर के बाहर पहुंचकर की गाली-गलौज

पुलिस के अनुसार अतरौली गांव निवासी रमाकान्त तिवारी पुत्र स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार को गांव निवासी भालेन्द्र उर्फ भल्लू पुत्र स्वर्गीय मुन्ना कश्यप उनके घर के सामने पहुंचा आरोप है कि वह उनके पुत्र अनुज तिवारी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगा इतना ही नहीं आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी।

### बीच-बचाव करने पर हुई मारपीट

पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने अपने पुत्र का बचाव करते हुए आरोपी को समझाने और विवाद शांत कराने का प्रयास किया तो वह और अधिक आक्रोशित हो गया आरोप है कि आरोपी ने अनुज तिवारी के साथ मारपीट शुरू कर दी अचानक हुई इस घटना से परिवार के सदस्य घबरा गए और आसपास के लोगों में भी हड़कंप मच गया।

### सीसीटीवी कैमरा भी किया क्षतिग्रस्त

मारपीट के बाद आरोपी ने घर की सुरक्षा के लिए बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया। इससे परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ पीड़ित परिवार का कहना है कि पूरी घटना से उनके बीच भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ।

### मुकदमा दर्ज जांच में जुटी पुलिस

घटना के बाद पीड़ित परिवार ने मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आईटीआई छात्रा ने छेड़छाड़ का लगाया आरोप ...

**शिकायत के बाद कार्रवाई न होने पर आईजीआरएस में की शिकायत**

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र की एक आईटीआई छात्रा ने अपने साथ कथित छेड़छाड़ और उत्पीड़न की घटना को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की छात्रा का आरोप कि घटना की सूचना पुलिस को देने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई शिकायत के अनुसार छात्रा बीते मंगलवार को अपने पिता के साथ विद्यालय जाने के लिए निकली थी पिता ने एक परिचित युवक को उसे मोहनलालगंज तक छोड़ने की जिम्मेदारी दी थी आरोप है कि युवक उसे निर्धारित स्थान पर ले जाने के बजाय सुनसान इलाके की ओर ले गया जहां उसने कथित रूप से छेड़छाड़ अभद्रता और अश्लील हरकतें कीं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी उसे मुख्य सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता का कहना कि उसने उसी दिन मोहनलालगंज कोतवाली में लिखित शिकायत दी थी लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई छात्रा ने आईजीआरएस शिकायत में मोहनलालगंज पुलिस पर मामले में लापरवाही बरतने तथा आरोपी को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाया पीड़िता ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई तो वह उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाएगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य ग्राम्य विकास संस्थान एवं अधीनस्थ प्रशिक्षण संस्थानों में हुआ व्यापक वृक्षारोपण

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ । दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस( 5 जून )के अवसर पर प्रदेशभर में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग एवं महानिदेशक, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान श्री सौरभ बाबू के संरक्षण एवं मार्गदर्शन तथा अपर निदेशक श्री सुबोध दीक्षित के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान मुख्यालय सहित संस्थान के अधीन संचालित प्रदेश के सभी 50 क्षेत्रीय एवं जिला ग्राम्य विकास संस्थानों में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। संस्थान मुख्यालय परिसर में प्र0 अपर निदेशक सुबोध दीक्षित की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पारम्परिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्षों के पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर सुबोध दीक्षित ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने पारम्परिक वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण एवं भूजल संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते शहरीकरण एवं विकास कार्यों के बीच वृक्षों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे तथा रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस वृक्षारोपण अभियान में संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## महिला ने निगला जहरीला पदार्थ इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के एक गांव मायके से ससुराल लौटी महिला ने जहरीला पदार्थ निगल लिया हालत गंभीर देख परिजन उसे मियागंज सी एच सी ले गए जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते कानपुर हैलट भेज दिया बीते देर शाम इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया थाना क्षेत्र के बसोखा मोहम्मदपुर निवासी वसीम की 37 वर्षीय पत्नी मुन्नी लगभग 20 दिन पूर्व अपने मायके जनपद लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के ऊंच गांव गई थी जो बीते गुरुवार को लौटी और घर आकर उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया घटना के समय पति वसीम ई रिक्शा चलाने गया था हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सी एच सी मियागंज लेकर गए जहां उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया हालत गंभीर देख चिकित्सक ने उसे कानपुर हैलट भेज दिया बीती देर शाम इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है

# परशुराम मंदिर में हुआ श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गुरसरांय (झांसी) - 6 जून शनिवार की संध्या नगर के प्रतिष्ठित भगवान श्री परशुराम मंदिर पर भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत श्री सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। शाम 4 बजे शुरू हुए इस आयोजन की शुरूआत भगवान श्रीहनुमान जी और भगवान श्रीपरशुराम जी की प्रतिमा पर तिलक व माल्यार्पण के साथ हुई। संकटमोचन श्रीहनुमान जी के गुणगान और भगवान श्रीराम की महिमा से सजे श्रीसुंदरकांड पाठ के दौरान मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में पाठ करते हुए वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक रूप से प्रेरक था, बल्कि समाज में एकता और संस्कारों की भावना को भी प्रकट करता है। आज की आरती प श्री रामप्रकाश अरजरिया (बृहद ब्राह्मण परिषद् अध्यक्ष) ने की। इस अवसर पर अनुज द्विवेदीप्रधान नागर, रासबिहारी तिवारी, अखिलेश पिपरिया, जे जे मिश्रा, अश्वनी पस्तोर, अरुण चतुवेर्दी, , स्वदेश पाठक, राजकुमार गुप्ता, विजय नायक, योगेश व्यास, मोनू मिश्रा, अशोक पटेरिया, हेमंत विदु आ, धर्मेश त्रिपाठी, केशकुमार पुजारी, गिरीश अरजरिया, अवनीश देवलिया , अखिलेश तिवारी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बताते चलें कि माह के प्रथम शनिवार को श्रीसुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है। संगीतमय पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाता है।

## गरौठा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन, 128 शिकायतें प्राप्त

### 8 शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिलाधिकारी के आने की सूचना पर बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे, लेकिन उनके न पहुंचने से लोगों में निराशा देखी गई। समाधान दिवस में कुल 128 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व के 78, पुलिस के 31, विकासखंड के 2,



विद्युत के 11 तथा अन्य 6 मामले शामिल रहे। मौके पर 8 शिकायतों का निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ के बावजूद उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने अपनी कार्य कुशलता से अकेले सभी लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह, थानाध्यक्ष ककरवई योगेंद्र सिंह सहित सर्किल के थानाध्यक्ष एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने चोर को चोरी का माल समेत धर दबोचा



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत सफीपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जून 2026 को थाना सफीपुर में चोरी की तहरीर मिली थी। तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 281/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। शुक्रवार को उपनिरीक्षक सतेन्द्र सिंह ने हमराह कांस्टेबल जितेन्द्र नादर व कांस्टेबल हेमन्त कुमार के साथ कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त अरुण पुत्र लाखन निवासी बाबर अली खेड़ा को सलींद रोड, से गिरफ्तार किया पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक सोलर कंपनी की बैटरी तथा 1 किलो 150 ग्राम तांबे का तार बरामद किया है। बरामदगी के बाद मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## पीएम के बाद शव पहुंचा गांव विद्युत विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बीते शुक्रवार को बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में लटकते विधुत तारो ने एक नवयुवक की जान ले थी इस मामले में शव गांव पहुंचने पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया किंतु घटना के प्रति चचाओं का दौर चलता रहा साथ ही लोगो में विभाग के प्रति आक्रोश बना रहा। ज्ञात हो बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गद्दीनखेड़ा निवासी 25 वर्षीय सद्दाम पुत्र उस्मान मानव शरीर की ऊंचाई के करीब लटकते विधुत तारों की चपेट में आकर असमय मौत के मुंह में चला गया पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया जिसके बाद शनिवार को तमाम ग्रामीणों के हुजूम के बीच शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया ।पी एम के बाद करेंट से मौत होने की पुष्टि हुई साथ ही शरीर पर कुछ चोट आदि के निशान भी मिलने की बात कही गई जिससे इस घटना पर संशय जताते हुए लोगो में चर्चा होती रही। तथा पूर्व में मांग के बावजूद भी जर्जर विधुत लाइन ना बदले जाने से ग्रामीणों में विभाग के प्रति आक्रोश बना रहा।

## आरा मशीनों की आड़ मे किया जा रहा अवैध लकड़ी का कारोबार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आरा मशीनों की आड में भारी पैमाने पर अवैध तरीके से लकड़ी का कारोबार किया जा रहा किंतु बांगरमऊ क्षेत्र में कार्यरत विभाग चिर निद्रा में सोता दिख रहा है पूर्व की एक घटना में एक युवक की जान लेने के बाद भी विभाग जागने की मुद्रा में नहीं दिख रहा है। ज्ञात हो बांगरमऊ नगर स्थित पावर हाउस के निकट से लतीफपुर गांव जाने के लिए एक प्रधानमंत्री सड़क मार्ग है इस मार्ग पर चंद गांव स्थित है जिससे इन्हीं ग्रामीणों के अलावा इस मार्ग से जिम्मेदार प्रशाशन का आवागमन ना के बराबर हो पाता है इसी को ध्यान में रखते हुए लकड़ी कारोबारियों ने किसी तरह विभाग के साथ औपचारिकता पूर्ण का आरा मशीन का पंजीकरण करा लिया गया है ज्ञात रहे महज एक किलोमीटर के दायरे में इस मार्ग पर तीन आरा मशीनें संचालित हो रही है इन्हीं की आड में अवैध लकड़ी का लंबा कारोबार फल फूल रहा है ।स्थानीय लोगों के अनुमान पर विश्वास करे तो इन तीन आरा मशीनों के आसपास के सुनसान इलाके में खाली प्लाटो सहित कई स्थानों पर एक दो नहीं बल्कि दर्जनों ट्रक प्रतिबंधित लकड़ी जमा है स्थानीय लोगों का कहना है लकड़ी कटान के बाद लंबे समय से इस स्थान के आसपास डाली जाती है जिसके बाद लकड़ी का पानी सूखने के बाद इनकी आरा मशीनों पर चिराई कराई जाती है यह क्रम लंबे समय से चलता चला आ रहा है। ज्ञात हो पिछले माह पावर हाउस के निकट ही एक जे सी बी मशीन से उठाते समय पट्टा टूटने से नीचे गिरे लकड़ी के एक मोटे तने के नीचे दबकर गंजमुरादाबाद निवासी एक मजदूर की मौत हो गई थी इस दौरान मृतक परिजनों ने हादसे वाले तने को प्रतिबंधित लकड़ी का होने का दावा किया था। मजे की बात तो यह है कि वन विभाग क्षेत्र में अवैध कटान ना होने का दंभ भरता रहता है किंतु इतने बड़े पैमाने पर जब कटान होता नहीं तो लकड़ी आती कहा से है यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है। रेंजर बांगरमऊ नीरज विद्यार्थी ने कहा है मामले की जानकारी कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी फरियादियों की शिकायतें

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में विधायक सदर पंकज गुप्ता की उपस्थिति में जनपद की तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील सदर के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए फरियादियों की पुलिस, राजस्व, विकास कृषि विभाग व अन्य विभागों की फरियादियों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारी को मौके पर बुलाकर समय बद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के समापन के पश्चात जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए साफ-साफ कहा कि शिकायत के निस्तारण में गुणवत्ता की कमी पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि शिकायत जिस रूप में प्राप्त हो रही है उसी रूप में उसका निस्तारण भी हो, यह विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित करते हुए कहा की पैमाइश कब्जा अतिक्रमण की जो शिकायतें प्राप्त हुई हैं उनकी जांच कर यथाशीघ्र निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए। कहा की जहां आवश्यकता हो राजस्व और पुलिस की टीम संयुक्त रूप से जांच कर प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता से संपर्क अवश्य किया जाए आख्या अपलोड करते समय फोटो अवश्य आनी चाहिए।जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण हो इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में आई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता के साथ गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सभी अधिकारी प्राथमिकता से करें। इस अवसर पर राजस्व पुलिस विकास विद्युत कृषि व अन्य विभागों सहित कुल 232 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 26 शिकायतों का निस्तारण मौके पर हुआ। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश जिला अधिकारी ने संबंधित अधिकारी को दिया। इस अवसर पर एसएसपी जयप्रकाश सिंह उपजिला अधिकारी सदर क्षितिज दुवेदी जी क्षेत्राधिकारी सदर मुख्य चिकित्सा अधिकारी परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बाला जी के दरबार में विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। अधिक ज्येष्ठ पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर शनिवार को कस्बा बिहार में बाला जी के विशाल भंडारे के साथ साथ पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए लोगो से अपील की गई एक पौधा लगाए, भविष्य बचाए ।जेठ माह में अधिक पुरुषोत्तम माह में श्रद्धालुओं ने कस्बा बिहार में बाला जी का विशाल भंडारा आयोजित किया। बाबा बजरंग बली की पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें भारी संख्या भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों के जयघोषों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान था। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण करने के साथ साथ पेड़ लगाने व उसकी बच्चे की तरह देख भाल करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने पेड़ो से होने वाले लाभों को बताते हुये कहा कि हरित धरती, स्वस्थ जीवन होता है। लोगों से कहा कि एक पौधा लगाओ और भविष्य को बचाओ। संयोजक अनुज कुमार दीक्षित ने आए हुए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूक किया ।इस मौके पर दीपू दीक्षित, सत्यम दीक्षित, निर्मल द्विवेदी, लक्ष्मी शंकर चौरसिया, हर्षित गौड, अनिल दीक्षित, राम दीक्षित, भोलू दीक्षित, गगन सैनी, श्याम बाबू, सूरज चौरसिया, शीशू द्विवेदी, रचित बाजपेई, अनिका दीक्षित, गोलू चौरसिया आदि मौजूद थे।

## जनगणना कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को किया गया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निर्धारित समय से पूर्व कार्य पूर्ण करने वाले 5 सुपरवाइजर एवं 10 प्रगणकों को सम्मानित किया गया। तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा ने सभी कर्मियों की सराहना करते हुए उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा द्वारा सम्मानित किए गए सुपरवाइजरों में लेखपाल आस्था, संतोष गुप्ता, अध्यापिका रेखा कुशवाहा तथा दीपक कुमार शर्मा सहित कुल पांच सुपरवाइजर शामिल रहे। वहीं प्रगणकों में अभिषेक मिश्रा, हर्षवर्धन, शाजिली, श्वेता दीक्षित, रवि कुमार सहित दस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तहसीलदार देवेंद्र सिंह यादव ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना सराहनीय उपलब्धि है। उन्होंने सभी सम्मानित कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा और लगन के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित कर्मियों ने जनगणना कार्य में सहयोग करने वाले साथियों का आभार व्यक्त किया।

## कबीरपंथ आचार्य द्वारा आयोजित की जा रही राष्ट्रीय कार्यशाला

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कबीर पंथियों का गढ़ कबीर धर्मनगर, दामाखेड़ा छत्तीसगढ़ के प्रमुख पंथ हुजूर उदितमुनि नाम साहेब द्वारा संचालित सदगुरु कबीर धर्मदास साहेब वंशावली मिशन (एस.के.डी.वी.मिशन) हेतु एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग हर प्रांत के प्रतिनिधि गण शामिल होंगे। यह कार्यशाला 7 जून से 11 जून तक आयोजित की जाएगी जिसमें हर प्रांत के लिए अलग अलग समय रखा गया है ।जिसमें उत्तर प्रदेश की कार्यशाला के लिए 11जून निर्धारित किया गया है। इस मिशन का उद्देश्य है ₹जीव दया और आत्म पूजा₹ यह जानकारी वाराणसी से आये हुए उत्तर प्रदेश राज्य प्रतिनिधि महंत राज कुमार दास जी साहब ने उन्नाव स्थित सदगुरु कबीर मंदिर ज्ञान वाटिका आश्रम पर आयोजित बैठक के दौरान मौजूद सभी जिला प्रतिनिधि, तहसील प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रतिनिधियों के साथ साझा की। साथ ही इस कार्यशाला में पहुंचने के सभी प्रतिनिधियों से अपील की। महंत साहब ने बताया अभी 2026 बसंत पंचमी के दिन कबीर पंथ के 16वें संवाहक के रूप में पंथ हुजूर उदितमुनि नाम साहेब का चादर तिलक हुआ है, पंथ श्री गद्दी नशीं होने से पूर्व ही कबीर नवोदय पदयात्रा में समस्त कबीर पंथियों के गांव- घर एवं जन-जन के बीच पहुंचकर उनका मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन देते चले आ रहे है। यह यात्रा अभी भी जारी है। बहुत जल्द यह यात्रा उत्तर प्रदेश में भी शुरू होगी। पंथ का संकल्प है कि वह भारतवर्ष के हर एक कबीर पंथियों के बीच अवश्य पहुंचेंगे। इस बैठक में राज्य उप प्रतिनिधि राजेश नोएडा से, जिला प्रतिनिधि महंत चक्रमणि दास साहब युवा प्रतिनिधि अरुण कुमार तथा जिला परोपकारी महंत सुभाष चंद्र दास साहेब एवं कई साधु संत आदि उन्नाव से मौजूद रहे।

## निर्माण कार्य को लेकर कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला सहसंयोजक आशीष कुमार के नेतृत्व में कार्यकताओं ने भीम आर्मी के तहसील महासचिव के घर का निर्माण कार्य प्रशासन न होने देने पर आक्रोशित कार्यकताओं ने मुख्यालय पर जमकर तहसील प्रशासन व पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी की व विपक्षी से साठ गांठ का आरोप लगा धरना दिया। पुलिस बल से कार्यकताओं की कई बार नोक झोंक हुई। भीम आर्मी के जिला सह संयोजक आशीष कुमार ने तहसील मुख्यालय पर आधा सैकड़ा कार्यकताओं के साथ पहुंच तहसील व पुलिस विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की जिला सह संयोजक ने बताया कि भीम आर्मी के तहसील के महासचिव सुशील कुमार रावत पुत्र काली शंकर निवासी दुंदपुर अपनी भूमि पर घर का निर्माण कार्य करवा रहे थे परिवार के ही चाचा के लड़के रामबाबू रावत पुत्र छोटा द्वारा पुलिस प्रशासन से सांठगांठ कर बार बार कार्य रुकवा दिया जाता है। लेखपाल और कानून गो द्वारा मौके पर जाकर भूमि चिन्हित भी की जा चुकी है उसके बावजूद भी पुलिस निर्माण कार्य शुरू कराए जाने पर रुकवा कर मानसिक रूप से परेशान कर रही है। जिला सह संयोजक ने कहा कि पुलिस प्रशासन की सुरक्षा में तत्काल निर्माण शुरू कराया जाए निर्माण कार्य रुकवाने वाले दबंग चचेरे भाई के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए मामले में लापरवाही बताने वाले संबंधित पुलिसकर्मियों अधिकारियों की जांच हो सुशील कुमार के घर का निर्माण कार्य पूर्ण तक पुलिस प्रशासन की सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। भीम आर्मी के जिला सह संयोजक ने कहा कि यदि पार्टी के कार्यकर्ता सुशील कुमार को अनावश्यक मानसिक रूप से उत्पीड़न बंद न गया तो तहसील मुख्यालय प्रदर्शन के बाद जिला मुख्यालय पर भी प्रदर्शन किया जाएगा। थाना अध्यक्ष बिहार राहुल सिंह ने बताया कि पारिवारिक विवाद हैजिसे आपसी बातचीत कराकर मामले को हल करने के प्रयास किया जा रहे हैं।

## अवैध कब्जा कर बनाए गए मकान को प्रशासन ने हटवाया

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र में ग्राम समाज की जमीन पर जबरन कब्जा कर बनाये गए मकान को प्रशासन ने शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए हटवा दिया जिससे अवैध कब्जेदारों में खौफ ब्याप्त हो गया है। मामला थाना क्षेत्र के बैजनाथखेड़ा मजरे बरदहा गाँव का है। इस गाँव मे शिकायतकर्त्ता ने ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया था लेकिन जांच दौरान शिकायतकर्ता द्वारा स्वयं अवैध कब्जे की बात उजागर हुई। शिकायतकर्ता सुनील कुमार लोधी पुत्र गंगादयाल ने तहसील प्रशासन से शिकायत की थी कि गांव के ही रामचंद्र पुत्र रघुनाथ लोधी ने ग्राम पंचायत की



भूमि पर अवैध निर्माण कर मकान बना लिया है। शिकायत के बाद नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव के नेतृत्व में राजस्व टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान राजस्व निरीक्षक अजय सिंह, दिनेश कुमार तथा लेखपाल अनुराग श्रीवास्तव, सुलभ शुक्ला, विशाल और आयुष पटेल ने पाया कि शिकायतकर्ता सुनील कुमार भी स्वयं ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा किए हुए हैं। इसके बाद प्रशासन ने बिना किसी पक्षपात के दोनों अवैध निमार्णों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जा किए बैठे अन्य लोगों में भी दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। इस बावत उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह ने बताया जहां भी ग्राम समाज की सुरक्षित जमीन पर कब्जा पाया गया तुरंत खाली करवाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

## निजी अस्पताल में बिना सर्जन ऑपरेशन का आरोप, आशा कार्यकर्त्री ने उठाई जांच की मांग

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के तेगापुर गांव निवासी आशा कार्यकर्त्री माया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर निजी अस्पताल में कथित अनियमितताओं की जांच कराए जाने की मांग की है। माया का आरोप है कि वह अपने क्षेत्र की गर्भवती महिला सुमन की पिछले नौ माह से देखरेख कर रही थीं। उन्होंने बताया कि दूसरी आशा कार्यकर्त्री चंद्रावती अपनी पुत्री संगीता के साथ सुमन को हसनगंज स्थित मां शारदा हॉस्पिटल ले गईं, जहां उसका ऑपरेशन कराया गया। प्रार्थना पत्र में माया ने आरोप लगाया है कि संबंधित अस्पताल में ऑपरेशन करने के लिए कोई सर्जन उपलब्ध नहीं है, इसके बावजूद महिला का ऑपरेशन किया गया। उन्होंने अस्पताल के संचालन और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। आशा कार्यकर्त्री ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. नितिन श्रीवास्तव को दिए गए शिकायती पत्र में अस्पताल की जांच कराए जाने तथा यदि अनियमितताएं पाई जाएं तो नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है। अधीक्षक नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि आशा माया के द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## ससुरालीजनो से पीड़ित महिला की मां ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में घरेलू प्रताड़ना को लेकर महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मां ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सास बहन बहनोई मौसा सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। अचलगंज थाना क्षेत्र के अमरसस गांव निवासी उर्मिला पत्नी स्व ओमप्रकाश ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि बेटी संगीता की शादी माखी थाना क्षेत्र के मेथीटीकुर गांव निवासी सुनील पुत्र चिरंजीव के साथ अप्रैल 25 में हुई थी शादी के बाद दामाद सुनील, सास सुमन, ननद मोनी, बहनोई अजय, मौसा मुकेश के साथ मिलकर बेटी को प्रताडित करते हैं और खाना पीना नही देते साथ ही जान से मारने की धमकी देते हैं जिसको लेकर महिला थाना में शिकायत की थी महिला थाना में समझौता के बाद बिदाई 20 मई 26 को हुई थी फिर 21 मई को खाना नहीं दिया जिस पर बेटी ने शिकायत की जब वह बेटी को उसकी ससुराल लिवाने गयी तो उसके साथ भी गाली-गलौज की गयी इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## किशोरी के साथ छेड़छाड़ को लेकर मां ने दिया शिकायती पत्र

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र से छेड़छाड़ का एक मामला सामने आया है। एक गांव निवासी एक 17 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई गई है। यह घटना 6 जून 2026 की सुबह करीब 9 बजे हुई थी। किशोरी की मां रंजन दुलारी पत्नी प्रेम प्रजापति ने मौरावां थाने में शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी खेत की तरफ बकरियां चराने गई थी। वहां कुदरा गांव निवासी लाला नामक व्यक्ति ने उससे अभद्र बातें करते हुए जबरन छेड़छाड़ की। जब किशोरी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी लाला ने उसे जान से मारने की धमकी दी। किशोरी ने घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद मौरावां थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सम्पादकीय

# अर्थव्यवस्था पर संकट नहीं, चुनौतियां बरकरार

भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपनी मजबूती और लचीलापन साबित किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, जिसके परिणामस्वरूप पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 7.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनावों, खाड़ी संकट और व्यापारिक चुनौतियों के बीच यह प्रदर्शन न केवल उत्साहवर्धक है, बल्कि भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भी बनाए रखता है। भारत का घरेलू उपभोग मजबूत हुआ है। बता दें कि 2025-26 वह साल रहा है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। 50 फीसदी टैरिफ तक ट्रंप ने भारत पर लगाया, लेकिन तमाम बाधाओं को पार करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इन आंकड़ों से संतोष का भाव अवश्य पैदा होता है, लेकिन इसके साथ कुछ महत्वपूर्ण संकेतों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चौथी तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की वृद्धि दर का 12.8 प्रतिशत से घटकर 7.3 प्रतिशत पर आना बताता है कि उत्पादन गतिविधियों में अपेक्षित गति नहीं बनी हुई है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि रोजगार सृजन, निर्यात वृद्धि और औद्योगिक विस्तार का आधार यही क्षेत्र माना जाता है। यदि विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार कमजोर पड़ती है तो दीर्घकाल में इसका असर रोजगार और आय वृद्धि पर भी दिखाई दे सकता है। वर्ष 2026 की चुनौतियां और बड़ी हैं। तेल की बढ़ती कीमतें और इस बार कमजोर मानसून किसानों और लोगों की जेब पर असर डाल रहा है। इससे जहां उत्पादन प्रभावित हो सकता है, वहीं सरकारी खजाने पर भी दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में सरकार के लिए कई गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस वित्त वर्ष में जीडीपी पूर्वानुमान में 30 बीपीएस की कटौती कर 6.9% से घटाकर 6.6% तक कर दिया है। यदि खाड़ी संकट जल्द हल नहीं हुआ तो आने वाले समय में यह अनुमान और भी कम हो सकता है। इससे सरकार के सामने रोजगार सृजन, निवेश और विनिर्माण क्षेत्र में संकट पैदा हो सकता है। हालांकि आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखकर संकेत दिया है कि सरकार पैनिक नहीं है और अर्थव्यवस्था दबाव में नहीं है, लेकिन कमजोर मानसून और अर्थव्यवस्था के लिए कई चुनौतियां बरकरार हैं। दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अगले वित्त वर्ष में विकास दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान यह संकेत देता है कि आगे का रास्ता पूरी तरह आसान नहीं है। वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता, मांग में उतार-चढ़ाव और निवेश संबंधी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। ऐसे में सरकार और उद्योग जगत दोनों को विकास की गति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। कुल मिलाकर मौजूदा आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था किसी संकट में नहीं है और उसकी बुनियाद मजबूत बनी हुई है, लेकिन केवल ऊंची विकास दर ही पर्याप्त नहीं है। वास्तविक सफलता तब मानी जाएगी, जब आर्थिक वृद्धि के साथ रोजगार, आय, निवेश और जीवन स्तर में भी व्यापक सुधार दिखाई दे। इसलिए उपलब्धियों का स्वागत करते हुए चुनौतियों के प्रति सजग रहना ही समय की मांग है।



आर्थिकी
सतीश सिंह

सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग में वृद्धि, जीएसटी संग्रह में स्थिरता और कंपनियों के बेहतर मुनाफे इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अर्थव्यवस्था में मांग और उत्पादन दोनों स्तरों पर गति बनी हुई है। फिर भी यह सुधार पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं है। घरेलू और बाहरी दोनों मोर्चों पर मौजूद चुनौतियां ताकीद करती हैं कि विकास की मौजूदा रफ्तार को स्थायी बनाने के लिए सतर्क नीति, संतुलित खर्च और लागत नियंत्रण जरूरी है। मई में भारत के सेवा क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अप्रैल के 58.8 से बढ़कर मई में 59.8 पर पहुंच गया, जो पिछले 6 महीनों का उच्चतम स्तर है।

# मुश्किलों के बीच सुधार के भी संकेत

वैश्विक अनिश्चितताओं, महंगाई के दबाव, आपूर्ति शृंखला की बाधाओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था से कुछ उत्साहजनक संकेत मिल रहे हैं। सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग में वृद्धि, जीएसटी संग्रह में स्थिरता और कंपनियों के बेहतर मुनाफे इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अर्थव्यवस्था में मांग और उत्पादन दोनों स्तरों पर गति बनी हुई है। फिर भी यह सुधार पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं है।

घरेलू और बाहरी दोनों मोर्चों पर मौजूद चुनौतियां ताकीद करती हैं कि विकास की मौजूदा रफ्तार को स्थायी बनाने के लिए सतर्क नीति, संतुलित खर्च और लागत नियंत्रण जरूरी है। मई में भारत के सेवा क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अप्रैल के 58.8 से बढ़कर मई में 59.8 पर पहुंच गया, जो पिछले 6 महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई में 50 से ऊपर का स्तर विस्तार का संकेत है। यह आंकड़ा बताता है कि सेवा क्षेत्र में कारोबार, मांग और उत्पादन की गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। यह वृद्धि केवल घरेलू मांग तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारत से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की विदेशी मांग में भी सुधार दिखा। अप्रैल में आई गिरावट के बाद अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों में फिर से बढ़ोतरी दर्ज होना सकारात्मक संकेत है। सेवा क्षेत्र की मजबूती कई कारणों से महत्वपूर्ण है। भारत की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का बड़ा योगदान है और रोजगार सृजन से लेकर निर्यात आय तक इसके असर व्यापक हैं। मई में माल ढुलाई, डिजिटल समाधान, ई-कॉमर्स, मनोरंजन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसी सेवाओं की मांग बढ़ी। इसका सीधा असर कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों पर पड़ा और कई कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि भी की। रोजगार के मोर्चे पर यह संकेत आश्वस्त करने वाला है, क्योंकि विकास तभी व्यापक माना जाता है जब उसका लाभ रोजगार और आय वृद्धि के रूप में आम लोगों तक पहुंचे। हालांकि, रोजगार वृद्धि में मामूली वृद्धि देखी गई है, क्योंकि 7 प्रतिशत से कम कंपनियों ने नई भर्ती की सूचना दी, जबकि अधिकांश कंपनियों ने अपने कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया। इसका अर्थ यह है कि रोजगार सृजन का रुझान सकारात्मक जरूर है, पर उसे संतोषजनक नहीं माना सकता। भारत जैसे बड़े श्रम-प्रधान देश में केवल सेवा क्षेत्र की चुनिंदा कंपनियों की भर्ती पर्याप्त नहीं है। रोजगार वृद्धि को टिकाऊ बनाने के लिए विनिर्माण, निर्माण, कृषि-आधारित उद्योगों और छोटे उद्यमों में भी मांग और निवेश का विस्तार जरूरी है। औद्योगिक मोर्चे पर भी कुछ बेहतर संकेत दिखाई दे रहे हैं। अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक यानी आईआईपी की वृद्धि दर 4.9 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 3.2 प्रतिशत थी। इस सुधार में सबसे बड़ा योगदान विनिर्माण क्षेत्र का रहा, जिसकी वृद्धि दर अप्रैल में 6.2 प्रतिशत तक पहुंच गई। बिजली और गैस क्षेत्र में भी वृद्धि दर्ज की गई। यह संकेत देता है कि उत्पादन गतिविधियां धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही हैं। उपभोक्ता वस्तुओं की मांग में सुधार और पूंजीगत वस्तुओं की वृद्धि दर का 16 प्रतिशत तक पहुंचना खास तौर पर महत्वपूर्ण है। पूंजीगत वस्तुओं की



मांग बढ़ना इस बात का संकेत है कि कंपनियां भविष्य की मांग को लेकर कुछ हद तक आश्वस्त हैं और वे विस्तार की तैयारी कर रही हैं। फिर भी, मौजूदा सकारात्मक संकेत को स्थायी नहीं माना जा सकता है। एक-दो महीनों के बेहतर आंकड़े से किसी बड़े निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता। राजकोषीय मोर्चे पर भी कुछ सकारात्मक संकेत हैं। वित्त वर्ष 2026 में कई मंत्रालयों और विभागों का खर्च संशोधित अनुमान से कम रहा, जिससे कुल व्यय में कमी आई और राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमान से घट गया। वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से यह अच्छा संकेत है, क्योंकि नियंत्रित घाटा सरकार को भविष्य में विकासोन्मुख खर्च के लिए अधिक गुंजाइश दे सकता है। जीएसटी संग्रह में वृद्धि भी मांग और आर्थिक गतिविधियों की स्थिरता का संकेत देती है। जीएसटी संग्रह का बढ़ना यह बताता है कि खपत और लेन-देन का दायरा बना हुआ है। लेकिन जीएसटी संग्रह की वृद्धि दर को भी महंगाई और अनुपालन सुधार के संदर्भ में देखना चाहिए। अगर संग्रह में वृद्धि वास्तविक खपत और उत्पादन वृद्धि से आ रही है, तो यह अर्थव्यवस्था के लिए स्वस्थ संकेत है; पर यदि इसका बड़ा हिस्सा कीमतों की वृद्धि से जुड़ा है, तो आम उपभोक्ता पर दबाव भी बढ़ सकता है। कॉर्पोरेट जगत के नतीजे भी अर्थव्यवस्था की मिश्रित लेकिन आशावादी तस्वीर पेश करते हैं। बैंकों ने मजबूत ऋण वृद्धि और बेहतर मार्जिन के सहारे अच्छे परिणाम दिए। ऑटोमोबाइल कंपनियों को मांग और वॉल्यूम का लाभ मिला। वहीं तेल, धातु और कुछ सरकारी कंपनियों का प्रदर्शन मिश्रित रहा। इससे स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था में सुधार का स्वरूप समान नहीं है। कुछ क्षेत्र तेज बढ़ रहे हैं, जबकि कुछ क्षेत्र लागत, कीमत और वैश्विक परिस्थितियों से प्रभावित हैं। सबसे बड़ी चुनौती महंगाई और लागत दबाव की है। सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने खाद्य पदार्थों, ईंधन, गैस, मजदूरी और कच्चे माल पर अधिक खर्च की बात कही है। पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल की कीमतों की अनिश्चितता, वैश्विक व्यापार नीतियों में उतार-चढ़ाव और मौसम संबंधी जोखिम से महंगाई में और भी इजाफ़ा हो सकता है। खाद्य महंगाई का सीधा असर आम परिवारों की रसोई और उपभोग क्षमता पर पड़ता है। यदि मानसून कमजोर रहता है या अल नीनो जैसी जलवायु परिस्थितियां कृषि उत्पादन को प्रभावित करती हैं, तो खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। निर्यात क्षेत्र भी चिंता का विषय है। रुपये में कमजोरी के बावजूद भारत का माल निर्यात अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रहा। सामान्यतः कमजोर रुपया निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाता है, लेकिन जब वैश्विक मांग ही कमजोर हो तो इसका लाभ सीमित रह जाता है।

विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती, व्यापारिक संरक्षणवाद और भू-राजनीतिक तनाव भारतीय निर्यातकों के लिए बाधा बन सकते हैं। ऐसे में केवल मुद्रा विनिमय दर पर निर्भर रहने के बजाय उत्पादकता, गुणवत्ता, लॉजिस्टिक्स और बाजार विविधीकरण पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। निष्कर्षतः भारतीय अर्थव्यवस्था फिलहाल कठिनाइयों के बीच सुधार के संकेत दे रही है। सेवा क्षेत्र की मजबूती, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग, बेहतर कॉर्पोरेट नतीजे और राजकोषीय घाटे में कमी सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन इन संकेतों को आत्मसंतोष का आधार नहीं बनाया जा सकता। महंगाई, कमजोर वैश्विक मांग, निर्यात की सुस्ती, मौसम संबंधी जोखिम और लागत दबाव अभी भी गंभीर चुनौतियां हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह विकास की गति को बनाए रखते हुए महंगाई पर नियंत्रण रखे, निवेश को प्रोत्साहित करे, रोजगार को व्यापक बनाए और बाहरी झटकों से अर्थव्यवस्था को बचाने की क्षमता बढ़ाने पर जोर दे।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मुद्दा
रवि शंकर



# पेट्रोल और डीजल जीएसटी से बाहर क्यों

देश में पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। खासकर मध्यम वर्ग और रोज कमाने-खाने वाले लोगों में इसे लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। बताया जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध जैसे हालात के कारण कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ा है। इसी वजह से तेल कंपनियां बढ़ी हुई लागत का बोझ धीरे-धीरे उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं। बता दें कि पिछले 15 दिनों में यह चौथी बार है जब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोगों, यात्रियों और परिवहन क्षेत्र पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से सिर्फ वाहन चालकों की ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतों पर भी असर पड़ रहा है। वही देश के कई हिस्सों में इस समय कृषि कार्य, फसल परिवहन और आगामी बुवाई की तैयारियां चल रही हैं, जहां डीजल का व्यापक उपयोग होता है। ऐसे समय में डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि किसानों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रही है। खेती की लागत बढ़ने से पहले से आर्थिक दबाव झेल रहा किसान और अधिक कर्ज के बोझ तले दबेगा। वर्तमान में देश के कई राज्यों और शहरों में पेट्रोल का दाम 100 रुपये प्रति लीटर के आंकड़े को पार कर चुका है। ऐसे में एक बार फिर पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग तेज हो गई है। माना जा रहा है कि अगर ऐसा होता है तो ईंधन की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है और लोगों को सीधी राहत मिलेगी। दरअसल, पेट्रोल की असल कीमत और उपभोक्ता द्वारा चुकाई जाने वाली कीमत में बड़ा अंतर टैक्स की वजह से है। मौजूदा समय में दिल्ली में बिकने वाले पेट्रोल की असली (बेस) कीमत सिर्फ 66.29 रुपये प्रति लीटर है। लेकिन इस पर केंद्र सरकार 11.90 रुपये प्रति लीटर का भारी-भरकम उत्पाद शुल्क वसूलती है। इसके बाद राज्य सरकार (दिल्ली सरकार) इस पर 16.03 रुपये का वैट लगा देती है। इसके अलावा, पेट्रोल पंप डीलर को प्रति लीटर 4.42 रुपये का कमीशन मिलता है। इन सभी शुल्कों को मिलाकर एक लीटर पेट्रोल के लिए उपभोक्ता को 100 रुपये से ज्यादा चुकाने पड़ते हैं। यानी, लगभग 28 से 30 रुपये सिर्फ टैक्स के रूप में जनता की जेब से जा रहे हैं। वर्तमान समय में पेट्रोल पर वास्तविक मूल्य के मुकाबले करीब 42 प्रतिशत और डीजल पर लगभग 32 प्रतिशत तक टैक्स लगाया जा रहा है। अलग-अलग राज्यों में वैट की दरें अलग होने के कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बड़ा अंतर देखने को मिलता है। तेलंगाना में पेट्रोल सबसे महंगा है क्योंकि वहां पेट्रोल पर करीब 35.2 प्रतिशत वैट लगाया जाता है। वहीं अंडमान-निकोबार में पेट्रोल और डीजल पर केवल एक प्रतिशत वैट होने के कारण वहां ईंधन सबसे सस्ता बताया गया है। अगर केंद्र और राज्य सरकारें अपने मौजूदा टैक्स (एक्साइज और वैट) को हटाकर ईंधन को जीएसटी के तहत लाती हैं, तो कीमतों में ऐतिहासिक कटौती हो सकती है। मान लीजिए कि डीलर का कमीशन जस का तस रहता है और तेल पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगाया जाता है, तो 66.29 रुपये के मूल दाम पर केवल 11.93 रुपये का टैक्स बनेगा। इस नए गणित के हिसाब से दिल्ली में पेट्रोल की कीमत घटकर 78.22 रुपये प्रति लीटर रह जाएगी। इसका सीधा अर्थ है कि ग्राहकों को प्रति लीटर लगभग 22 रुपये की भारी बचत होगी। गौरतलब है कि 2017 में जब जीएसटी लागू किया गया था, तो वन नेशन वन टैक्स की बात कही गई थी और कहा गया था कि देश में हर चीज पर एक समान टैक्स होगा और एक समान रेट होगा, लेकिन पेट्रोल-डीजल पर सभी राज्य मनमानी करते हुए अपने अपने हिसाब से वैट वसूल रहे हैं। इसके कारण हर राज्य में पेट्रोल-डीजल की दरें अलग-अलग हैं। इससे वन नेशन वन टैक्स की अवधारणा पर भी कुठाराघात हो रहा है। ये उत्पाद केंद्र और राज्य सरकारों के लिए राजस्व का प्रमुख स्रोत हैं। राज्यों को डर है कि जीएसटी के तहत इन उत्पादों को लाने से उनकी कर नीति, मूल्य निर्धारण और खपत को प्रभावित करने की क्षमता पर असर पड़ेगा। कई राज्यों का मानना है कि पेट्रोल और डीजल पर वैट उनकी आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। जीएसटी में शामिल होने पर वे इस स्वायत्तता को खो सकते हैं। पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए राज्यों की सहमति और कर दर पर एकरूपता जरूरी है। हालांकि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के तहत लाने का फैसला केंद्र और राज्य सरकारों की सहमति पर निर्भर करेगा, क्योंकि इससे राज्यों की टैक्स आय पर बड़ा असर पड़ सकता है, क्योंकि इससे टैक्स से होने वाली बड़ी कमाई प्रभावित होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सत्य के प्रति जागने में ही 'जीवन की महत्ता'



संकलित
दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है।

## ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब एक युवक आश्रम में पहुंचा तो वह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया। अतः अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और भटकाने वाली सोच से दूरी बनाओ।

## सटाका




## आज की पाती

### पर्यावरण संरक्षण : आज का संकल्प, कल का भविष्य

धरती केवल मिट्टी, जल, वायु और पेड़ो का समूह नहीं है। यह मानव सभ्यता की जननी है, जीवन की धड़कन है और आने वाली पीढ़ियों की सबसे बड़ी धरोहर है। जब भी सुबह का सूरज पर्वतों की चोटियों को सुनहरी आभा से भर देता है, जब नदियों का निर्मल जल कल-कल करता हुआ बहता है, जब खेतों में हरियाली लहराती है और पक्षियों का मधुर कलरव वातावरण में संगीत घोल देता है, तब प्रकृति अपनी सुंदरता का परिचय देती है। किंतु आज यही प्रकृति मानव की अंधाधुंध महत्वाकांक्षाओं और स्वार्थपूर्ण गतिविधियों के कारण कराह रही है। बढ़ता प्रदूषण, कटते जंगल, सूखती नदियां, पिघलते हिमनद, बढ़ता तापमान और असंतुलित मौसम मानव को चेतावनी दे रहे हैं कि यदि अभी नहीं संभले, तो आने वाला भविष्य अत्यंत भयावह हो सकता है। - संजय खोखर, रोहतक

## करंट अफेयर

# पूर्व प्रिंस एंड्रयू ने तीन कॉटेज किराए पर देकर पैसा कमाया



ब्रिटेन की सार्वजनिक व्यय पर निगरानी रखने वाली संस्था की शुक्रवार को जारी शाही परिवार की संपत्तियों की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व प्रिंस एंड्रयू ने शाही संपदा में तीन कॉटेज किराये पर देकर पैसा कमाया, जहां वह दो दशक तक बिना किराए के रहे थे। इसमें यह भी बताया गया है कि उनकी बेटिया, प्रिंसेस बीट्राइस और प्रिंसेस यूजनी, किराए वाली महल की संपत्ति में रहती हैं, जिसका भुगतान उनके पिता के बड़े भाई महाराजा चार्ल्स तृतीय करते हैं। 'नेशनल ऑडिट ऑफिस' की रिपोर्ट में कहा गया है कि एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर को विंडसर कैसल के पास अपने घर, रॉयल लॉज एस्टेट में कॉटेज को 20 साल से अधिक समय तक किराए पर देने से आय प्राप्त हुई। साल 2003 में किए गए रॉयल लॉज के एक पट्टे से पता चलता है कि उन्होंने संपत्ति के लिए सिर्फ एक मामूली रकम अदा दी, जिसे /"पेपरकॉर्न रेंट/" के नाम से जाना जाता है। इस परिसर में 30 कमरों वाली एक हवेली और आठ कॉटेज शामिल हैं जिनमें से तीन को किसी और को किराये पर देने की अनुमति थी। रिपोर्ट में आय की रिपोर्ट शामिल नहीं की गई थी। संसद की लोक लेखा समिति की पूर्व प्रमुख और हाउस ऑफ लॉर्ड्स में लेबर पार्टी की सदस्य मारग्रेट होज ने इस चूक को चिंताजनक बताया।

## ऑफ बीट

# एआई में अत्यधिक पानी का इस्तेमाल हो सकता है



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग से ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ने वाले दबाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक नई रिपोर्ट ने गंभीर चेतावनी जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 तक एआई से जुड़ी प्रणालियां दुनिया की कुल बिजली खपत का लगभग तीन प्रतिशत हिस्सा उपयोग कर सकती हैं, जबकि डेटा केंद्रों की शीतलन जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाला पानी वैश्विक आबादी की वार्षिक पेयजल आवश्यकता से भी अधिक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई की बढ़ती क्षमता और लोकप्रियता के साथ उसके पर्यावरणीय प्रभाव भी तेजी से बढ रहे हैं। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि एआई मॉडल समय के साथ अधिक दक्ष और कम ऊर्जा खपत वाले हो जाएंगे, जिससे उनकी पर्यावरणीय लागत घटेगी। हालांकि, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि यह धारणा भ्रामक हो सकती है। रिपोर्ट में 'जेवॉन्स पैराडॉक्स' का उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार किसी तकनीक की दक्षता बढ़ने पर संसाधनों की कुल खपत कम होने के बजाय बढ़ सकती है। यह सिद्धांत 19वीं सदी के अर्थशास्त्री विलियम स्टेनली जेवॉन्स के अवलोकन पर आधारित है, जिन्होंने पाया था कि कोयले के उपयोग की दक्षता बढ़ने के बावजूद उसकी कुल मांग और खपत में वृद्धि हुई थी।

## X ट्रेंड f

### विकास गति मजबूत



भारत की डिजिटल अवसंरचना यात्रा उल्लेखनीय गति पकड़ रही है। एयरट्रंक ने भारत में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने और 5 गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता विकसित करने की घोषणा की है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नमो ऑक्सीजन पार्क



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति में, मेगा वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन किया गया और दिल्लीवासियों को 18 नमो ऑक्सीजन पार्क समर्पित किए गए। दिल्ली के सभी निवासियों से आग्रह है कि वे 'मां के नाम एक पेड़' अभियान में शामिल हों।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई



अगर ड्रग माफिया ने अपनी हरकतें नहीं सुधारी, तो वे धूल में मिल जाएंगे। हमारी सरकार पिछले साढ़े तीन वर्षों से ड्रग्स के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम को सख्ती से लागू करके ड्रग तस्करों के नेटवर्क पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।
-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### सड़कों पर उतरें



अखबारों में खबरें लीक करना अरबों-खरबों का कारोबार है। इस रैकेट में बड़े लोग शामिल हैं। जब तक आप सड़कों पर उतर कर सरकार को कार्रवाई करने के लिए मजबूर नहीं करेंगे, यह रैकेट नहीं रुकेगा।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



## चौराहा जाम करके खड़ा कर देते हैं ऑटो चालक अपने ऑटो

### आवागमन होता है बाधित, गन्ना तौल केंद्र में खड़ा कर सकते हैं ऑटो

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र के चौकी वैवाही अंतर्गत रामपुर धोबिया चौराहे पर सुबह के समय ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े करने से आवागमन बाधित होता है। इससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऑटो चालक अपने वाहनों को चौराहे के चारों ओर घेरकर खड़े कर देते हैं। कई बार वे 10-5 रुपये के लिए आपस में विवाद भी करते हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन ऑटो रिक्शा चालकों के पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस होता है और न ही उनके वाहनों का किसी थाने में पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) होता है। नियमों का यह उल्लंघन सड़क सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करता है। इस संबंध में चौकी प्रभारी शशि प्रताप सिंह ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीकरण की जांच की जाएगी तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## कैसरगंज सम्पूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़

### 117 मामलों में 14 का मौके पर निस्तारण

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के दौरान कुल 117 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 14 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित फरियादियों को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष मामलों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को सौंप दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, आपूर्ति, समाज कल्याण एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। समाधान दिवस के दौरान कैसरगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम गड़हिया 1, 2, 3 एवं 4 के ग्रामीणों और किसानों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मांग की कि गड़हिया गांव को सर्वे क्षेत्र से बाहर किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को खसरा-खतौनी एवं अन्य राजस्व संबंधी अभिलेख प्राप्त करने के लिए बहराईच स्थित सर्वे कार्यालय एवं जिला मुख्यालय के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। ग्रामीणों ने बताया कि छोटी-छोटी राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें काफी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय एवं धन दोनों की हानि होती है। किसानों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि गड़हिया क्षेत्र को सर्वे प्रक्रिया से मुक्त कर आम गांवों की तरह कैसरगंज तहसील से ही सभी राजस्व सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे आम जनता को राहत मिल सके। उपजिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जांच एवं उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि शासन स्तर पर समस्या को अवगत कराकर समाधान का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुरेंद्र वर्मा, तहसीलदार कैसरगंज मीना गौड़, पुलिस विभाग के अधिकारी, राजस्व कर्मी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक वर्ष से बंद पड़ा सार्वजनिक शौचालय, ग्रामीणों ने सही करवाने की किया मांग

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। बहराइच जिले के शिवपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवादा पूरे कस्बाती के गढ़ीघाट स्थित घंटाबाबा आश्रम परिसर में लाखों रुपये की लागत से बनाया गया एक सार्वजनिक शौचालय पिछले एक साल से बंद पड़ा है। इसकी बदहाली के कारण स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि दर्जनों ग्राम पंचायतों से होकर गढ़ीघाट ककरी मार्ग इसी आश्रम के रास्ते से होकर गुजरता है, जिस पर हजारों हजार रांहगीर निकलते हैं। वही आश्रम में काफी श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है जो पूजा पाठ करने हेतु आते हैं। बीते वर्ष पूर्व से सार्वजनिक शौचालय मे न तो पानी आता है ना ही साफ सफाई की व्यवस्था है। ऐसे में डबल इंजन सरकार के ग्रामोत्थान की मंशा अधूरी ही रह जाती है। भारत स्वच्छता मिशन अंतर्गत लाखों की लागत से बनाए गए इस सुलभ शौचालय का कोई अर्थ तथा महत्व नहीं रह जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि लाखों की लागत से निर्मित इस सार्वजनिक शौचालय में न तो पानी की कोई व्यवस्था है और न ही साफ-सफाई की। यह एक वर्ष से पूरी तरह से अनुपयोगी होकर बंद पड़ा है। इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी शिवपुर से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया जांच करवाई जाएगी तथा सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्थाओं को जल्द ही सही करवाया जाएगा।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत, चालक फरार

मिजार्पुर । जिगना मिजार्पुर-प्रयागराज मार्ग पर रन्नोपट्टी गांव के मुड़वान मजरा के पास गुरुवार रात तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मंडलीय अस्पताल भेज दिया है। मुड़वान मजरा निवासी 65 वषीर्या सुखराजी देवी पत्नी राधेश्याम प्रजापति रात करीब 8:30 बजे मेन रोड पर स्थित किराना दुकान से सामान लेकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान जिगना की ओर से आ रही बाइक ने ट्रक को ओवरटेक करते समय उन्हें टक्कर मार दी। परिजन एंबुलेंस से उन्हें पीएचसी सरोंई ले गए, जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पुनीत अग्रवाल ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर मोर्चरी हाउस भेजा। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

## खैरीघाट पुलिस ने खाते से साइबर ठगी हुए बारह हजार कराये वापस




अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। पीड़ित के खाते से 12000 की कर ली गई थी ठगी, खैरीघाट पुलिस ने दिलाई संपूर्ण रकम। पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में अ0पु0अ0 ग्रामीण नोडल अधिकारी साइबर क्राइम सीओ महसी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना स्थानीय पर गठित साइबर टीम द्वारा पीड़ित अमृतलाल पुत्र सुंदरलाल निवासी बहोरिकापुर थाना खैरीघाट जनपद बहराइच के खाते से साइबर फ्रॉड करके काटी गई 12000 रुपए की संपूर्ण धनराशि आज दिनांक 5.6.2026 को उसके खाते में वापस कराई गई। विगत दिनों पूर्व प्रार्थी अमृतलाल पुत्र सुंदरलाल द्वारा अपने खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से 12000 के कटने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था। वहीं प्राप्त प्रार्थनापत्र के आधार पर थाना खैरीघाट साइबर टीम द्वारा साइबर ऑनलाइन पोर्टल पर तत्काल शिकायत पंजीकृत की गई एवं थाना स्थानीय साइबर हेल्प डेक्स टीम द्वारा संबंधित बैंक को तत्काल ईमेल किया गया तथा संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी से वार्ता करके पीड़ित का पैसा होल्ड कराया गया। आज दिनांक 5.6.26 को प्रार्थी के खाते से कटा हुआ 12000 रुपए संपूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराया गया जिस पर पीडित द्वारा थाना स्थानीय की पुलिस का आभार प्रकट किया गया।

## रूपईडीहा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना रुपईडीहा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पंकज सिंह के पर्यवेक्षण तथा मेरे नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त कैलाश पथरकट पुत्र मेवालाल एवं राजू कुछबंधिया पुत्र परसु निवासीगण पथरकट मोहल्ला, पुरानी बाजार बाबागंज, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच को शुक्रवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त संगठित गिरोह बनाकर भय एवं आतंक का वातावरण उत्पन्न कर अवैध आर्थिक और भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त थे। इनकी गतिविधियों से क्षेत्र की जनसुरक्षा एवं कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इसी आधार पर इनके विरुद्ध थाना रुपईडीहा में उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस टीम ने दोनों अभियुक्तों को दुबियापुर-सोरहिया खंड मार्ग स्थित नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान मानवाधिकार आयोग एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पूर्ण पालन किया गया। पुलिस अभिलेखों के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, आबकारी एवं शस्त्र अधिनियम सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह रावत, उपनिरीक्षक शिवेश कुमार शुक्ला, मुख्य आरक्षी अर्जुन प्रसाद मौर्य, आरक्षी भीम यादव एवं सत्यम सोनी शामिल रहे।

## छजली पर फैले कपड़े उतार रही युवती पर छज्जा गिरने से हुई मौत, पुलिस मौजूद



### परिजनों में मचा कोहराम, मौसी के घर टहलने आई थी मंजू

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। मुख्य द्वार की छजली पर फैले कपड़ों को उतार रही युवती पर द्वार का छज्जा गिरने से हुई मृत्यु। परिजनों में घटना से कोहराम मचा हुआ है। वहीं सूचना पर प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में संवैधानिक कार्यवाही की जा रही है। लोगों ने छज्जा कमजोर होने का कयास लगाया है। प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट में बताया कि आज दिनांक 5 जून 2026 को सुमिरन पुत्र बृजलाल लोध ग्राम दीवान पुरवा कोठार दाखिला छतरपुर थाना खैरीघाट जनपद बहराइच ने सूचना दिया मेरे घर पर मेरे साडू की लड़की मंजू पुत्री गिरधारी ग्राम अंबरपुर थाना खैरीघाट जनपद बहराइच उम्र 18 वर्ष आई थी। आज शाम 4:00 बजे मुख्य दरवाजे पर एक सीमेंट का छज्जा लगा था। जिस पर कपड़े उतार रही थी। कि दरवाजे का छज्जा ऊपर गिर गया। जिसमें चोट आने की वजह से मंजू की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। वहीं सूचना के आधार पर आवश्यक जांच पड़ताल व विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटनास्थल पर मातम का माहौल बना है।

## गांव की समस्या, गांव में समाधान चौपाल में प्लास्टिक मुक्त अभियान पर जोर

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर । जिगना क्षेत्र के जासा बघौरा गांव स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को ₹गांव की समस्या, गांव में समाधान₹ चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए जन भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक रिंकी कोल ने ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की। उन्होंने पंचायत भवन परिसर में फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला पंचायत राज अधिकारी राम यतन यादव ने कहा कि कूड़ा निस्तारण अब प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने बताया कि पांच जून से 21 जून तक प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित भी किया जाएगा। एसबीएम ग्रामीण के जिला समन्वयक विनोद श्रीवास्तव ने ग्रामीणों से प्लास्टिक एवं पॉलीथीन को सुरक्षित एकत्रित करने की अपील करते हुए बताया कि अब पंचायत विभाग घर-घर जाकर इसे खरीदेगा। एकत्रित प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का पुनर्चक्रण कर उसका उपयोग विभिन्न कार्यों में किया जाएगा। प्रभारी एडीओ पंचायत बृजेश सिंह ने कहा कि सभी गांवों में प्लास्टिक मुक्त अभियान को गति दी जाएगी। वहीं सचिव दिलीप कुमार यादव ने ग्रामीणों द्वारा उठाई गई विभिन्न जनसमस्याओं को सूचीबद्ध कर उनके समाधान का आश्वासन दिया। चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संतोष पटेल

## प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया परसेंडी गौशाला का निरीक्षण

### व्यवस्थाओं को लेकर दिए सख्त निर्देश

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। जनपद बहराइच के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कैसरगंज क्षेत्र के अंतर्गत स्थित परशंदी गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में मौजूद पशुओं की देखभाल, चारे, पानी, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही अथवा चारे एवं आपूर्ति संबंधी समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गौवंशों के संरक्षण एवं बेहतर देखभाल के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा गौशालाओं की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने गौशाला में रह रहे गौवंशों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशाला में पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा, पानी एवं दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी सुभाष त्रिपाठी, भाजपा विधायक प्रयागपुर, भाजपा जिलाध्यक्ष बहराइच ब्रजेश सिंह, उपजिलाधिकारी कैसरगंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेपाल-बांग्लादेश के बीच टेलिमेडिसिन सेवा विस्तार को लेकर हुआ सहयोग

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। नेपाल की डिजिटल स्वास्थ्य सेवा प्रदाता संस्था हेल्थ यादआयो और बांग्लादेश की क्लिनिकल लिमिटेड के बीच अंतरराष्ट्रीय टेलिमेडिसिन सेवाओं के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण सहयोग समझौता हुआ है। इस साझेदारी के तहत दोनों संस्थाओं ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का शुभारंभ कर दिया है। समझौते के बाद अब बांग्लादेश के मरीज नेपाल के विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही जटिल स्वास्थ्य समस्याओं के लिए काठमांडू के अंतरराष्ट्रीय स्तर के अस्पतालों से मेडिकल सेकेंड ओपिनियन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। हेल्थ यादआयो ने अपनी टेलिमेडिसिन तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सकों का नेटवर्क क्लिनिकल लिमिटेड के साथ एकीकृत किया है, जिससे मरीजों को घर बैठे सुरक्षित, सरल और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। हेल्थ यादआयो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विमल बराल ने कहा कि यह सहयोग दक्षिण एशिया में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं क्लिनिकल लिमिटेड के सह-संस्थापक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी परवेज अहमद ने कहा कि इस साझेदारी से बांग्लादेश के मरीजों को नेपाली विशेषज्ञ चिकित्सकों तक आसान पहुंच मिलेगी। दोनों संस्थाओं ने भविष्य में नेपाल और बांग्लादेश के बीच मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने तथा अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी जताई है। उल्लेखनीय है कि हेल्थ यादआयो पिछले दो वर्षों से नेपाल में घर बैठे विशेषज्ञ परामर्श, लैब जांच, दवा आपूर्ति तथा विदेश में उपचार संबंधी सेवाएं उपलब्ध करा रही है। मोबाइल एप के माध्यम से नेपाल के विभिन्न शहरों के साथ-साथ भारत, थाईलैंड, मलेशिया और सिंगापुर के प्रतिष्ठित अस्पतालों के चिकित्सकों से भी वर्चुअल परामर्श की सुविधा प्रदान की जा रही है।

## बाल कलाकारों का भव्य सम्मान: श्री बाल रामायण ने रचा इतिहास

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। संस्कार एकेडमी गरौठा के 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों द्वारा तैयार किए गए श्री बाल रामायण (एक महाकाव्य) टीवी सीरियल ने क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। इस अनोखे प्रयास में बच्चों ने अभिनय के साथ-साथ निर्माण और निर्देशन की जिम्मेदारी भी संभाली। सीरियल में आदित्य नामदेव ने भगवान राम, राधा ने माता सीता और राजेन्द्र ने रावण की भूमिका निभाई। निर्देशन अनुष्का नामदेव अपराजिता ने किया, जबकि कार्यकारी निर्देशन ठाकुर दास नामदेव के मार्गदर्शन में पूरा प्रोजेक्ट संपन्न हुआ। रामायण (एक महाकाव्य) के कलाकारों का एक सम्मान समारोह नगर पंचायत गरौठा आयोजित किया गया जिसने नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. अरुण कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने सभी बाल कलाकारों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों का यह प्रयास सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करने वाला सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में प्रिंस सर, सुमित सर और महेंद्र रिछारिया का विशेष सहयोग रहा। वहीं सभासद दीपक गुप्ता, भारती अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने बाल कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को क्षेत्र में संस्कृति और बाल प्रतिभा का प्रेरक उदाहरण बताया गया।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बदेवरा नाथ ईंट उद्योग में हुआ वृक्षारोपण

अमन लेखनी समाचार



मिजार्पुर । जिगना पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत शनिवार को बदेवरा स्थित बदेवरा नाथ ईंट उद्योग (तिवारी मार्का ईंट) परिसर एवं बाबा बदेवरा नाथ मंदिर प्रांगण में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बदेवरा नाथ ईंट उद्योग के प्रोपराइटर एवं समाजसेवी करमेश चंद तिवारी तथा भाजपा छानबे मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी ने आम, कटहल, आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे रोपित किए। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का भी माध्यम है। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने भी सहभागिता कर पौधरोपण किया। उल्लेखनीय है कि बदेवरा नाथ ईंट उद्योग (तिवारी मार्का ईंट) जिगजैग मॉडल की आधुनिक तकनीक से उच्च गुणवत्ता वाले चयनित कोयले द्वारा निर्मित मजबूत, टिकाऊ एवं उत्कृष्ट फिनिश वाली ईंटों के लिए क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है।

## संदिग्ध हालात में किसान का घर जला, 9 कुंतल अनाज खाक



अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर। विंध्याचल थाना क्षेत्र के गोडसर पांडेय गांव में मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में किसान के कच्चे मकान में आग लग गई। आग से करीब 9 कुंतल अनाज व पशुओं का चारा जलकर राख हो गया। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी जीपी शंकर पांडेय पुत्र केदारनाथ पांडेय ने बताया कि रात करीब 11:30 बजे घर में आग लग गई। उस समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। मकान में गेहूं, चावल, दाल व पशुओं के लिए भूसा रखा था। शोर सुनकर परिवार के लोग जागे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक 4 से 5 कुंतल गेहूं, 4 कुंतल चावल व अन्य घरेलू सामान जल चुका था। पीड़ित का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगाई है। सूचना देने पर रात में त्वरित मदद नहीं मिली। आग से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चालक समेत कई घायल, चार की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शनिवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे एक पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक समेत नौ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चार लोगों की हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया। एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आम तोड़ने के लिए लेबरों को लेकर बाग की ओर जा रही थी। इसी दौरान मुजासा मोहान रोड पर हर्ष मैरिज लॉन के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे आम के बाग में एक पेड़ से टकराकर पलट गई। जिसमें सवार चालक संजय (22) निवासी सहिमाबाद, अंकित (21), आकाश (20), शिवम (12) पुत्र रमेश, मनोज (47), अभय (13) पुत्र मनोज कुमार, दिव्यांश (10) पुत्र समर तथा मयंक (15) पुत्र बुद्धिलाल और कृष्ण (10) पुत्र सुशील घायल हो गए। जिन्हें पुलिस और ग्रामीणों की मदद से काफी देर की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर ट्राली के नीचे से निकाला गया। और घायलों को उपचार के लिए मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख अंकित, आकाश, शिवम और मनोज को लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उन्हें उपचार के लिए दुबग्गा स्थित जीवक अस्पताल ले गए जहां घायलों का इलाज जारी है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।



पलटी पड़ी ट्रैक्टर ट्राली – फोटो

# एयरपोर्ट पर कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली और अमौसी एयरपोर्ट पर कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत एक महिला की संदिग्ध हालत में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने निजी अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक सरोजनी नगर के बदाली खेड़ा निवासी किरन यादव (30) गुरुवार को अपनी ड्यूटी पर एयरपोर्ट गई थीं। उनके पति जंग बहादुर के मुताबिक रात करीब आठ बजे उन्हें पत्नी के कार्यालय से फोन आया कि किरन की तबीयत खराब हो गई है। सूचना मिलने पर वह एयरपोर्ट पहुंचे और पत्नी को दवा दिलाने के बाद घर ले आए। देर रात उनकी हालत फिर बिगड़ने लगी, जिस पर उन्हें इलाज के लिए कृष्णानगर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। आरोप है कि अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने किरन को तीन इंजेक्शन लगाए, जिसके बाद उनकी तबीयत और गंभीर हो गई। परिजनों का कहना है कि काफी देर तक अस्पताल प्रशासन ने उन्हें सही जानकारी नहीं दी। शुक्रवार को वरिष्ठ डॉक्टर को बुलाया गया, जिन्होंने कुछ देर बाद किरन को मृत घोषित कर दिया। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति जंग बहादुर लखनऊ मेट्रो में इंजीनियर हैं। परिवार में उनकी एक बेटी है। वहीं मामले में पति ने अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# कचनरवा बाजार में खुलेआम बिक रहा मांस-मछली, अतिक्रमण से राहगीरों की बढ़ी परेशानी

अमन लेखनी समाचार

कोन (सोनभद्र)। कचनरवा का मुख्य बाजार इन दिनों अतिक्रमण और खुले में मांस-मछली की बिक्री को लेकर चर्चा में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाजार क्षेत्र में बिना वैध लाइसेंस के सड़क किनारे मांस और मछली की दुकानें संचालित की जा रही हैं, जिससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि गंदगी और दुर्गंध से लोगों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। बताया जाता है कि कोन-विंढमगंज मार्ग, कचनरवा-बागेसोती मार्ग तथा हॉस्पिटल रोड पर कई स्थानों पर अस्थायी दुकानों और अतिक्रमण के कारण राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बागेसोती रोड के प्रवेश द्वार तथा अस्पताल मार्ग पर सड़क किनारे लगाए गए मांस-मछली के ठेलों और दुकानों से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खुले में मांस काटने और बेचने से आसपास गंदगी का अंबार लग गया है। दुर्गंध के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि पूर्व में भी इस समस्या को लेकर शिकायतें की गई थीं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। नागरिकों ने बताया कि कई दुकानों में खुलेआम मांस का प्रदर्शन किया जा रहा है, जबकि खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुसार खुले में मांस प्रदर्शित करना प्रतिबंधित है। नियमों के तहत मांस विक्रेताओं को वैध लाइसेंस प्राप्त करना तथा ऐसी व्यवस्था करना आवश्यक है जिससे बाहर से मांस दिखाई न दे। स्थानीय निवासी प्रदीप, राजेंद्र, बिहारी, रघुवर, राजकुमार और सुनील समेत अन्य लोगों ने जिलाधिकारी एवं संबंधित विभागों से बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा खुले में मांस-मछली की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। क्षेत्रीय लोगों का सवाल है कि आखिरकार उनकी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई कब होगी।



## पातलीपाड़ा जैव विविधता उद्यान में 200 बांस के पौधों का रोपण

अमन लेखनी समाचार

ठाणे महानगरपालिका की ओर से पातलीपाड़ा स्थित जैव विविधता उद्यान (बांबू वन) में लगभग 200 बांस के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान का उद्घाटन मनपा आयुक्त सौरभ राव के हाथों किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त मधुकर बोडके, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान, वरिष्ठ उद्यान अधीक्षक केदार पाटील सहित महानगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। ठाणे महानगरपालिका ने वर्ष 2026-27 के लिए एक लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। शहर की खुली जगहों, उद्यानों, सड़क किनारे क्षेत्रों, सरकारी संस्थानों तथा नागरिकों की सहभागिता से इस लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस अभियान के अंतर्गत जैव विविधता उद्यान में बांस की कुल आठ विभिन्न प्रजातियों के 200 पौधे लगाए गए।

खास समाचार

## रेलकर्मियों की तत्परता से महिला यात्री को मिली बच्ची की महत्वपूर्ण चिकित्सीय सामग्री

अमन लेखनी समाचार



धनबाद। दिनांक 04.06.26 को गाड़ी संख्या 11448 के चोपन स्टेशन से प्रस्थान करने के दौरान एक महिला यात्री को ट्रेन के पीछे भागते हुए देखकर श्री उमेश कुमार सिंह, सीआईटी/सीपीयू द्वारा उस महिला यात्री को सुरक्षित रूप से रोककर कारण पूछा गया महिला ने बताया कि उसे रेणुकूट जाना था, किंतु वह गलती से गलत ट्रेन में चढ़ गई थी जब उसे अपनी भूल का एहसास हुआ तो वह ट्रेन से उतर गई, लेकिन उसकी बच्ची की महत्वपूर्ण सीटी स्कैन रिपोर्ट एवं दवाइयाँ ट्रेन में ही छूट गई यह बताते हुए वह अत्यंत व्यथित हो गयी तथा अपनी बच्ची के इलाज को लेकर चिंता व्यक्त करने लगी महिला को सांत्वना देकर शांत कराया गया तथा तत्परता से कार्यरत चेकिंग स्टाफ श्री एस.पी. सिंह, सीआईटी/बरकाकाना के सहयोग से ओबरा स्टेशन पर उसकी बच्ची की सीटी स्कैन रिपोर्ट एवं दवाइयाँ सुरक्षित रूप से प्राप्त कर आरपीएफ ओबरा को सुपुर्द कराई गई तत्पश्चात महिला को ऑटो रिक्शा के माध्यम से ओबरा भेजकर उसका सामान उसे सुरक्षित रूप से उपलब्ध कराया गया अपनी आवश्यक चिकित्सा संबंधी सामग्री वापस मिलने पर महिला ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की तथा भारतीय रेल के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया

# शादी की सालगिरह को बनाया सेवा और मानवता का पर्व, टीबी मरीजों को वितरित किया पौष्टिक आहार

अमन लेखनी समाचार

दुद्धी, सोनभद्र। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और मानव सेवा की अनूठी मिसाल प्रस्तुत करते हुए जनपद सोनभद्र में कार्यरत शुभकामना फाउंडेशन के सहयोगी रविशंकर तिवारी एवं श्रीमती रीता तिवारी ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में टीबी (क्षय रोग) से पीड़ित मरीजों के बीच पौष्टिक खाद्य सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान मरीजों इंद्रमणि, दिनेश, सुमन कुमारी, प्रमिला कुमारी, हीरालाल सहित अन्य लाभार्थियों को प्रोटीन पाउडर, सोयाबीन, चना, गुड़ एवं अन्य पोषणयुक्त सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी के अधीक्षक डॉ. शाह आलम की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. शाह आलम ने उपस्थित मरीजों को क्षय रोग के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है। उन्होंने नियमित दवा सेवन, संतुलित एवं पौष्टिक भोजन, स्वच्छता तथा रोग को अन्य लोगों तक फैलने से रोकने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मरीजों को उपचार के दौरान धैर्य और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। डॉ. शाह आलम ने कहा कि आज के समय में जब लोग अपने निजी उत्सवों को केवल व्यक्तिगत खुशियों तक सीमित रखते हैं, ऐसे में रविशंकर तिवारी एवं रीता तिवारी द्वारा अपनी शादी की सालगिरह को समाज सेवा के साथ जोड़ना अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक कदम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज में संवेदनशीलता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं तथा अन्य लोगों को भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित करते हैं। गुलाब का फूल देते हुए सालगिरह की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में एसटीएस जयशंकर तिवारी एवं एसटीएलएस विष्णु का विशेष सहयोग रहा। शुभकामना फाउंडेशन के सदस्य सुभाष राय ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर समाज के वंचित, जरूरतमंद एवं रोगग्रस्त लोगों के लिए सेवा कार्य संचालित किए जाते हैं।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर महादेव सेना ट्रस्ट का पौधारोपण अभियान, हरित भविष्य के लिए लिया संरक्षण का संकल्प

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महादेव सेना ट्रस्ट संगठन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से कोटा खास में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्भय चौधरी ने किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकताओं तथा स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्थानों पर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने में ही महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाते, बल्कि मानव जीवन तथा पृथ्वी पर मौजूद समस्त जीव-जंतुओं के अस्तित्व का आधार भी हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। ऐसे में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्भय चौधरी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का जिम्मा उठाए तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर प्रकृति संरक्षण के अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। पौधारोपण कार्यक्रम में अमरेश उपाध्याय, राघवेंद्र त्रिपाठी, सुशील त्रिपाठी, लवकेश प्रजापति, आकाश उपाध्याय, पीयूष जायसवाल, टुनटुन, मनीष, दिव्येश, डॉ. रणविजय, आशीष जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, संगठन के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का संकल्प दोहराया।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारम्भ

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद सोनभद्र में --एक पेड़ माँ के नाम-- अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न स्थलों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधारोपण महाअभियान के अंतर्गत विकास खण्ड घोरावल के तिलौली कला में आयोजित कार्यक्रम में विधायक घोरावल डॉ० अनिल कुमार मौर्य, जिलाधिकारी चर्चित गौड़, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त विधायक सदर भूपेश चौबे, ब्लॉक प्रमुखगण, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन ने भी जनपद के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर अभियान में सहभागिता की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संदेश दिया। उन्होंने जनपदवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। जनपद में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों, ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने --एक पेड़ माँ के नाम-- अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया है



# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।



# विण्ढमगंज पुलिस द्वारा हत्या की घटना का मात्र 08 घंटे में किया खुलासा



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष विण्ढमगंज के कुशल नेतृत्व में थाना विण्ढमगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा हत्या की एक सनसनीखेज घटना का मात्र 08 घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल, मृतक का मोबाइल फोन एवं घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद किए गए हैं। दिनांक 04.06.2026 को थाना विण्ढमगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जोरूखाड़ में रजनीकान्त पुत्र अश्वनी गोंड, उम्र करीब 24 वर्ष, निवासी ग्राम पतरिया, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र का शव बरामद हुआ था। घटनास्थल के निकट मृतक की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या वढ 64 इ 3004 भी खड़ी मिली थी। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच-पड़ताल, साक्ष्य संकलन एवं घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन क्षेत्राधिकारी दुद्धी श्री राजेश कुमार राय के द्वारा करते हुए समुचित निर्देश देकर घटना के अनावरण हेतु लगया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विंढमगंज पर मु0अ0सं0 78/2026, धारा 103(1), 238(अ) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल सुरागरसी-पतारसी, तकनीकी साक्ष्यों के संकलन एवं स्थानीय सूचना तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस टीम के अथक प्रयासों एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप घटना के मात्र 08 घंटे के भीतर दिनांक 04.06.2026 को समय 20:29 बजे मुखबिर की सूचना पर टहानिया खोली स्थित सुनील प्रजापति के खाली मकान के पास से अभियुक्त दिनेश पुत्र जीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में परेड की सलामी लेकर किया गया निरीक्षण

**यू0पी0-112 एवं विभिन्न थानों से आए वाहनों, दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं अन्य संसाधनों की सघन चेकिंग कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**विश्व पर्यावरण दिवस पर अभियान के तहत पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र. पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत पुलिस बल को शारीरिक रूप से दक्ष, अनुशासित एवं फिट बनाए रखने के उद्देश्य से दौड़ एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति समर्पित रहने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा यू0पी0-112 एवं विभिन्न थानों से आए वाहनों का निरीक्षण कर उनकी तकनीकी स्थिति, दंगा नियंत्रण उपकरणों, वायरलेस सेट, प्राथमिक उपचार किट तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। वाहन चालकों एवं संबंधित पुलिस कर्मियों को वाहनों के नियमित रखरखाव एवं उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, स्टोर, मेस एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, शस्त्रों के रखरखाव, बीट बुकों के संधारण तथा पुलिस लाइन की समस्त व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# घर में घुसकर विवाहिता से छेड़छाड़, आरोपी हिरासत में

**रहीमाबाद में देर रात की वारदात, विरोध करने पर महिला से मारपीट**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार देर रात घर में घुसकर विवाहिता से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पीड़िता के पति के अनुसार, शुक्रवार शाम वह अपने एक रिश्तेदार को खाना देने के लिए लखनऊ स्थित बलरामपुर अस्पताल गए थे। इस दौरान उनकी पत्नी घर पर अकेली थीं। आरोप है कि गांव का ही युवक अनिल कुमार चोरी-छिपे छत के रास्ते घर में घुस गया और सो रही महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की। पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को आता देख आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता के पति ने रहीमाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी अनिल कुमार को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

